संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, गुरूवार, 06 जून 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive


प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लोकसभा भंग करने की सिफारिश करते हुए अपना और अन्य मंत्रियों का इस्तीफा सौंपा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 18  अंक: 155  पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# मोदी एनडीए के नेता चुने गए, घटक दलों ने सौंपा समर्थन पत्र

● एनडीए के सभी घटक दल के नेताओं ने सर्वसम्मति से मोदी को नेता चुना

**एकजुट**

▶▶ प्रस्ताव में एनडीए के नेताओं ने मोदी को जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गठबंधन का नेता चुना गया। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री आवास में हुई बैठक में एनडीए के सभी घटक दल के नेताओं ने सर्वसम्मति से मोदी को नेता चुना और इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में एनडीए के नेताओं ने मोदी को जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया।

इस बैठक में जेडीयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और टीडीपी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू सहित एनडीए के सभी घटक दलों ने अपना समर्थन पत्र नरेन्द्र मोदी को सौंपा। प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में भाजपा अध्यक्ष





जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे, जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी, एलजेपी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान, हम के जीतनराम मांझी, जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण, राकांपा अजित पवार गुट के प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी, जेडीयू के राजीव रंजन सिंह एवं संजय झा, यूपीपी(एल) के अध्यक्ष प्रमोद बोरो, एजीपी के अतुल बोरा, आजसू के सुदेश मेहतो, एसकेएम के नेता इंदरा हैंग सुब्बा शामिल रहे। सूत्रों के अनुसार एनडीए के नेता आज ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। सात जून को भाजपा संसदीय दल की बैठक में मोदी को पार्टी संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद एनडीए के सभी सांसदों की बैठक होगी, जिसमें मोदी को औपचारिक तौर पर एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाएगा।

आठ जून को मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह कैबिनेट की बैठक के बाद मोदी ने प्रधानमंत्री पद से अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया।

## हमारी पार्टी की रुचि कृषि विभाग में है: एच डी कुमारस्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी नई एनडीए सरकार में कृषि विभाग लेने में रुचि रखती है। आज की एनडीए बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा, "हमारी पार्टी की रुचि कृषि विभाग में है। हमारी लड़ाई शुरू से ही कृषक समुदाय के लिए अच्छा करने की रही है।" वहीं, सरकार गठन से पहले जेडीएस की 'मांगों' के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारी ऐसी कोई मांग नहीं है। मुद्दों का समाधान करना है, जो केंद्र की ओर से लंबे समय से चले आ रहे हैं। केंद्र में कर्नाटक को प्रतिनिधित्व (कैबिनेट बर्थ) देने के बारे में नरेंद्र मोदी फैसला करेंगे। जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की अध्यक्षता वाली जेडीएस पिछले साल एनडीए में शामिल हुई थी।

# कम हो जाएगी भाजपा सांसदों की 'कैबिनेट' में हिस्सेदारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया। ऐसे में जल्द ही नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। खासतौर से नई सरकार के मंत्रिमंडल में गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेताओं को ठीक-ठाक जगह मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। दरअसल 2019 की मोदी कैबिनेट में शुरूआती चरण में बतौर कैबिनेट मंत्री शिरोमणि अकाली दल और लोक जनशक्ति पार्टी और जेडीयू को ही मौका दिया गया था। लेकिन इस बार कैबिनेट मंत्री बनने की फेहरिस्त में ही घटक दलों का मजबूत दबाव माना जा रहा है। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने वाली है। गठबंधन भी ऐसा, जिसमें भाजपा सरकार बनाने के नंबर से पीछे है। ऐसी दशाओं में सियासी गलियारों में चर्चाएं इसी बात की हो रही हैं, क्या नया एनडीए का कैबिनेट पूरी तरीके से भाजपा के हिस्से में आएगा या बंटवारा होगा। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस बार कैबिनेट की पूरी तस्वीर बदली हुई होगी।

2019 की सरकार में बनाई गई कैबिनेट और 2024 की बनने वाली कैबिनेट पूरी तरह से अलग होगी। वह कहते हैं कि पिछली बार भारतीय जनता पार्टी के पास अपने सांसद इतने थे कि घटक दलों के सांसदों की जरूरत नहीं पड़ती।

## राज्य मंत्रियों के हिस्से में भी आएगी कमी

**सिर्फ** कैबिनेट मंत्रालय में ही नहीं, राज्य मंत्रियों के हिस्से में भी पिछली सरकार में भारतीय जनता पार्टी ने घटक दलों को उतनी हिस्सेदारी नहीं दी थी।

2019 में जब मोदी सरकार बनी, तो इस्पात मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री के तौर पर धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी दी गई। हालांकि बाद में यह मंत्रालय जदयू के हिस्से में आरसीपी सिंह के पास आ गया। इसी तरह राज्य मंत्रियों की फेहरिस्त में भी भारतीय जनता पार्टी ने अपना दल से अनुप्रिया पटेल और रामदास आठवले को जगह दी। बाद में जरूर मंत्रालयों में परिवर्तन करके कुछ फेरबदल होते रहे, जिसमें शिवसेना और लोजपा को भी जगह मिली। बावजूद इसके पिछली मोदी कैबिनेट में भारतीय जनता पार्टी सांसदों का ही बोल बाला रहा।

## राजस्थान बीजेपी संगठन में हो सकता है फेरबदल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान बीजेपी संगठन में लंबे समय से चर्चाएं चल रही हैं कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी दोनों के ही ब्राह्मण होने के चलते प्रदेश अध्यक्ष की सीट में बदलाव किया जा सकता है। हालांकि, सीपी जोशी के चुनाव जीतने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि उन्हें अब दिल्ली में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष का पद रिक्त हो सकता है। विधानसभा चुनाव के बाद से संगठन मंत्री का पद भी खाली पड़ा है, जिसे जल्द ही भरा जा सकता है। पिछले छह सालों से सक्रिय संगठन मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे चंद्रशेखर ने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके कार्यकाल में पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष की 50,000 से अधिक लोगों की टीम खड़ी की गई थी। इसके अलावा उनके नेतृत्व में बीजेपी ने राजस्थान के 33 जिलों में अपने कार्यालय भी बनाए थे। साल 2023 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत का श्रेय भी काफी हद तक चंद्रशेखर को दिया जाता है।

# मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है: प्रियंका

**भाई पर गर्व**

▶▶ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई राहुल गांधी को पत्र लिखा है, गर्व की अनुभूति



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा होने के एक दिन बाद बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई राहुल गांधी को पत्र लिखा है। इस पत्र का अंश उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर भी साझा किया। इस पत्र का अंत प्रियंका गांधी वाड्रा ने ऐसे किया है- @राहुल गांधी, मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस पत्र में कहा है कि, आप खड़े रहे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने आपके लिए क्या कहा और क्या किया...आप कभी भी विपरीत परिस्थितियों से पीछे नहीं हटे, आपने विश्वास करना कभी नहीं छोड़ा, भले ही उन्होंने आपके दृढ़ विश्वास पर कितना भी संदेह किया हो। यहां उन्होंने या उनके से प्रियंका गांधी का तात्पर्य विपक्षी धड़े, विशेषकर भाजपा से है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने आगे लिखा है कि आपने उनके द्वारा फैलाए गए झूठ के जबरदस्त प्रचार के बावजूद सच्चाई के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़ा।

## महाराष्ट्र में भाजपा को मिली असफलता की जिम्मेदारी देवेंद्र ने ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: उपमुख्यमंत्री** देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को महाराष्ट्र में भाजपा को मिली असफलता की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने आगामी विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा नेतृत्व से संवैधानिक पदों अर्थात उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री पद से मुक्त करने की पेशकश की है। फडणवीस ने कहा कि वे इस सम्बन्ध में केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर बात करने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 9 सीटें मिली हैं, जबकि 2024 में भाजपा को राज्य में 23 सीटें मिलीं थीं।



ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य के राज्यपाल रघुबर दास को बुधवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया। ओडिशा में लगातार ढाई दशक तक सत्तारूढ़ रहे पटनायक को विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। पटनायक सुबह राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा।

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों में डीयू रहा अव्वल




**उपलब्धि**

▶▶ संस्थानों की सूची में पिछले वर्ष के नौवें स्थान के मुकाबले डीयू इस बार सातवें स्थान पर पहुंचा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में डीयू भारत के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अव्वल रहा है। इसके साथ ही देश भर के अन्य संस्थानों की सूची में पिछले वर्ष के नौवें स्थान के मुकाबले डीयू इस बार सातवें स्थान पर पहुंचा है।

**डीयू कुलपति ने दी बधाई:** डीयू कुलपति प्रो योगेश सिंह के मुताबिक, भारत के दस शीर्ष संस्थानों में डीयू ने सर्वाधिक 79 रैंक का सुधार किया है। इस उपलब्धि का श्रेय कुलपति ने पूरे दिल्ली विश्वविद्यालय परिवार को दिया है। कुलपति ने कहा कि विवि के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण व राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान के कारण डीयू निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। कुलपति ने बताया कि डीयू ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में वैश्विक स्तर पर 328 वां स्थान प्राप्त किया है जबकि बीते साल रैंकिंग में स्थान 407 वां था। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय ने शीर्ष 22 फीसदी में अपना स्थान बनाया है। कुलपति ने बताया कि वैश्विक स्तर पर नौ संकेतकों में से चार संकेतकों में दिल्ली विश्वविद्यालय को 270 संस्थानों में शामिल किया गया है। इनमें इम्प्लॉयमेंट आउटकम्स में 44वां, सस्टेनेबिलिटी में 220 वां, अकादमिक प्रतिष्ठा में 225 वां और एम्प्लॉयर प्रतिष्ठा में 269 वां स्थान मिला है। प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस बार नौ प्रदर्शन संकेतकों में से पिछले साल के मुकाबले में पांच में सुधार किया है। क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग 2025 जारी हो चुकी है।

# जज संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता को दर्शाते हैं: चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी में दिए अपने भाषण में कहा कि देश के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में चुनाव हैं, लेकिन जज संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता को दर्शाते हैं, जो इस व्यवस्था की रक्षा करते हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका विषय पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका में पारदर्शिता लाने में तकनीक की अहम भूमिका है।

**लोकतंत्र में न्यायपालिका की**



**भूमिका अहम:** सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों की आलोचना की बात को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी का समग्र प्रभाव न्यायपालिका को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में मदद करना है। दरअसल मुख्य न्यायाधीश से भारतीय चुनाव को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में हैं, लेकिन भारत में न्यायाधीशों का चुनाव नहीं किया जाता। न्यायाधीश संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता की भावना को दर्शाते हैं। लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें हम परंपरा की भावना को दर्शाते हैं।

**संवैधानिक**

▶▶ देश के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में चुनाव हैं, लेकिन जज संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता को दर्शाते हैं

## चीता गामिनी के एक शावक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल : मध्य प्रदेश के श्योपुर** जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक बुरी खबर आई है। मादा चीता गामिनी के छह शावकों में से एक की मौत हो गई। कूनो नेशनल पार्क की टीम को गामिनी के पास शावक मृत अवस्था में पड़ा मिला। वह करीब तीन महीने का था। दरअसल, मादा चीता गामिनी ने 9 मार्च को 6 शावकों को जन्म दिया था। इनमें से एक शावक की मंगलवार शाम को मौत हो गई है। पार्क प्रबंधन के अनुसार चीता गामिनी का एक शावक उसके पास काफी देर से अचेत पड़ा था। वह कोई हरकत नहीं कर रहा था। संदेह होने पर डॉक्टरों की टीम ने वहां जाकर उसका चेकअप किया, तब पता चला कि उसकी मौत हो गई है।

## जीत पर नेतन्याहू-जेलेंस्की ने पीएम मोदी को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा तीसरी बार लोकसभा चुनाव में भारत की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए जल्द ही सरकार बनाने का एलान कर सकता है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। ऐसे में दुनिया भर के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दे रहे हैं। इस्राइल, यूक्रेन, जमैका सहित अन्य देशों के प्रमुखों ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दी हैं।

**इस्राइल के प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं:** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी लोकसभा चुनाव में तीसरी जीत पर पीएम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार फिर से चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं।

**विकासात्मक कार्य** सुरंग के निर्माण पर व्यय होंगे 295 करोड़ रुपये, शहर में तारों को भूमिगत करने की परियोजना के लिए 23 करोड़ रुपये का प्रावधान

# नवबहार से चिकित्सा महाविद्यालय तक बनाई जाएगी 890 मीटर सुरंग

**चमन शर्मा**

**शिमला:** शिमला शहर में **यातायात की समस्या** के निवारण के लिए राज्य सरकार जाखू पहाड़ी के नीचे नव बहार पेट्रोल पंप के समीप से सर्कुलर रोड पर चिकित्सा महाविद्यालय शिमला तक 890 मीटर लंबी डबल लेन सुरंग का निर्माण करेगी। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को लोक निर्माण विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग का निर्माण 295 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिसमें से 100 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं और इस माह के



अंत तक निविदा प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिमला शहर में विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है, ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को वाहनों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सर्कुलर रोड़ पर सभी बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। इसके दृष्टिगत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्कुलर रोड़ को चौड़ा एवं सुदृढ़ करने के लिए 122 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पार्किंग से संबंधित आधारभूत ढांचे को भी सुदृढ़ किया जाएगा तथा 3000 अतिरिक्त वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा सृजित की जाएगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिमला शहर में ओवरहेड तारों को हटाने की योजना पर दृढ़ता से कार्य कर रही है। इसके दृष्टिगत विद्युत केबल और ऑप्टिकल फाइबर के लिए भूमिगत डक्ट बिछाई जाएंगी। इस परियोजना के प्रारंभिक चरण में माल रोडए लोअर बाजार तथा मिडिल बाजार क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाएगा और लगभग 23 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सभी परियोजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के

**विकास पर जोर**

▶▶ राज्य सरकार शिमला शहर में विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है









# सीएम केजरीवाल को दोहरा झटका, न्यायिक हिरासत बढ़ी

## अंतरिम जमानत याचिका भी हुई खारिज, केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। वहीं अंतरिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए संबंधित विभाग को केजरीवाल के स्वास्थय को लेकर निर्देश दिए हैं। शराब नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। 19 जून तक न्यायिक हिरासत में रहना होगा। आज उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। वहीं दूसरी तरफ राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम केजरीवाल की सात दिन की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। केजरीवाल ने मेडिकल कारणों का हवाला देते हुए 7 दिन की जमानत मांगी थी। इस बीच, कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी मेडिकल टेस्ट कराने का निर्देश दिया है।

**केजरीवाल व आप के खिलाफ पूरक आरोप:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दाखिल पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के मुद्दे पर अदालत ने अपना फैसला टाल दिया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा अब इस मुद्दे पर 9 जुलाई को फैसला लेंगी। न्यायाधीश ने इस मुद्दे पर सभी पक्षों को सुनने के बाद 28 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**पत्र पर संज्ञान लेने का फैसला 9 जुलाई को:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप पत्र में कहा है कि राजधानी में शराब के व्यापार में निवेश करने की एवज में पंजाब के व्यापारियों से भी रिश्वत ली गई थी। उसने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) शासित पंजाब के उन व्यापारियों को पड़ोसी राज्य में शराब कारोबार में निवेश नहीं करने दिया गया, जिन्होंने रिश्वत नहीं दी थी। पहली बार धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत किसी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**केजरीवाल ने तिहाड़ में किया आत्मसमर्पण:** दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई निर्धारित तारीख के अनुसार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वह राजघाट, हनुमान मंदिर गए और पार्टी नेताओं से भी मिले। सीएम केजरीवाल ने हमें उनके बारे में न सोचने और काम करने के लिए कहा है।'



### सीएम से पत्नी सुनीता ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से बुधवार को उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आआपा) सांसद राघव चड्ढा ने मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक दोपहर 1:00 बजे आगंतुक कक्ष में दोनों ने मुख्यमंत्री केजरीवाल से करीब आधे घंटे तक मुलाकात की। जेल नियमों के अनुसार एक कैदी सप्ताह में दो बार दो लोगों से जेल में मुलाकात कर सकते हैं। इसके अलावा उन्हें अपने परिवारजनों से रोज 5 मिनट बाद करने की भी अनुमति होती है। मुख्यमंत्री केजरीवाल अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद रविवार को वापस तिहाड़ जेल पहुंचे थे। उन पर शुगर के मरीज होने के कारण दो डॉक्टर लगातार निगरानी करते हैं और उन्हें नियमित तौर पर इंसुलिन का टीका दिया जाता है। सूत्रों ने बताया है कि कल आए लोकसभा चुनाव के नतीजे को दिनभर मुख्यमंत्री ने अपनी सेल में मौजूद टीवी पर देखा। आज राघव चड्ढा शाम को विपक्ष के इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल हुए थे।

**झटका**

▶▶ राजधानी में शराब के व्यापार में निवेश करने की एवज में पंजाब के व्यापारियों से भी रिश्वत ली गई थी

## जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए केजरीवाल को

**नई दिल्ली: दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज हो जाने पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि आज कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आप वहीं (तिहाड़ जेल में) रहें और आपको जो भी स्वास्थ्य के देखभाल की जरूरत होगी, जेल अधिकारी मुहैया कराएंगे। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) को दिल्ली की जनता ने नकार दिया है। आआपा पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप एक गंभीर आरोप है। इसलिए मुझे लगता है कि अब उन्हें सोचना चाहिए कि उन्हें बार-बार जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए।

## लाजपत नगर के अस्पताल में लगी आग, अफरा-तफरी का माहौल

**काबू पाया**

▶▶ मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया, कोई हताहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लाजपत नगर इलाके के एक आंखों के अस्पताल में आग लगने की सूचना है। आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। जानकारी के मुताबिक, दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर में एटी7 चौधरी आई सेंटर में आग लग गई। दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग किस वजह से लगी है अभी इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है। आग लगने के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई। दमकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल में आज सुबह 11.30 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके तुरंत बाद दमकल की 16 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाने में जुट गई। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है।



## 162 में से 148 उम्मीदवारों की जमानत जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव** में उतरे कुल 162 उम्मीदवारों में से केवल 14 लोगों को ही जनता से स्वीकार किया। ऐसे में इनके अलावा बचे 148 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। दरअसल, दिल्ली में सबसे अधिक 62.89% मतदान पूर्वी दिल्ली सीट पर हुआ और नई दिल्ली सीट पर सबसे कम 55.43%। नई दिल्ली लोकसभा सीट पर जमानत बचाने के लिए प्रत्याशियों को 1,40,891 वोट चाहिए थे। जबकि पूर्वी दिल्ली सीट पर 2,58,180 वोट जरूरी थे। चुनाव में प्रत्याशियों को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 1/6 हिस्सा चाहिए होता है। मतदान के दिन दिल्ली के 1,52,01,936 मतदाताओं में से केवल 58.69% यानी 89,23,536 लोगों ने ही अपने मत का इस्तेमाल किया। सातों सीटों में से नई दिल्ली में सबसे कम 8.45 लाख मतदाताओं ने वोट दिया। यहां जमानत बचाने के लिए नियम के तहत 1,40,891 लाख वोट प्रत्याशी को चाहिए थे। नई दिल्ली लोकसभा सीट पर 17 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था। इनमें से बांसुरी स्वराज और सोमनाथ भारती को 1.4 लाख से अधिक वोट मिले। बचे 15 उम्मीदवारों की जमानत राशि जब्त हो गई। सबसे अधिक मतदान पाने वाली उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर भी 24,63,159 मतदाताओं में से 15,49,80 ने मतदान किया था।



## चुनाव: राजधानी में 142 प्रत्याशियों पर भारी पड़ा नोटा

**नोटा से कम**

▶▶ नॉर्थ वेस्ट दिल्ली में सबसे ज्यादा 8946 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया, लोगों में नाराजगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में 142 प्रत्याशियों पर नोटा भारी पड़ा। अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में इन प्रत्याशियों को नोटा से कम वोट मिले। नॉर्थ वेस्ट दिल्ली में सबसे ज्यादा 8946 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। दूसरे नंबर पर वेस्ट दिल्ली सीट पर 8460 मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया। सातों सीटों पर कुल 44863 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। चांदनी चौक में 22 प्रत्याशियों को नोटा से कम वोट मिले। यहां पर 5563 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। इसी तरह से ईस्ट दिल्ली में 17 प्रत्याशी नोटा से हारे, यहां पर कुल 5275 लोगों ने नोटा का इस्तेमाल किया। नई दिल्ली सीट से 14 प्रत्याशी नोटा से हारे, यहां 4813 वोट नोटा के पक्ष में पड़े। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में सबसे ज्यादा 25 प्रत्याशी नोटा से हारे, यहां 5845 वोट नोटा को मिले। साउथ दिल्ली में 19 प्रत्याशियों को नोटा से कम वोट मिले। यहां कुल 5961 वोट नोटा के पक्ष में दिए गए। इसी तरह से वेस्ट दिल्ली में 22 प्रत्याशियों को नोटा से कम वोट मिले। चांदनी चौक से जीते प्रवीण खंडेलवाल, दूसरे नंबर पर रहे जय प्रकाश अग्रवाल और जमानत नहीं बचा पाए बसपा से अबुल कलाम आजाद को ही नोटा से ज्यादा वोट हासिल हुए।

## आप के दफ्तर के लिए जगह आवंटन का फैसला करे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने केंद्र सरकार को आम आदमी पार्टी के दफ्तर के लिए अस्थायी जगह आवंटित करने पर छह हफ्ते में फैसला करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि आम आदमी पार्टी को अपने एक मंत्री के आवास पर अस्थायी दफ्तर के लिए दावा करने का अधिकार नहीं है। सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी की ओर से पेश वकील ने कहा कि राजधानी में दिल्ली भाजपा और केंद्रीय भाजपा के अलग-अलग दफ्तर हैं। राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त पार्टी को भी दिल्ली में दफ्तर मिलता है। आम आदमी पार्टी ने कोर्ट को बताया कि प्लॉट नंबर 23-24 साल 2002 में आवंटित हुआ था और दिल्ली सरकार ने इसको बाद में पार्टी ऑफिस के लिए आम आदमी पार्टी को आवंटित किया। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि आम आदमी पार्टी के दफ्तर के लिए केंद्रीय दिल्ली में कोई भूमि खाली नहीं है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने हाई कोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी को केंद्रीय दफ्तर के लिए साकेत कोर्ट के पास एक स्थायी दफ्तर अलॉट करने का ऑफर दिया गया था, लेकिन आम आदमी पार्टी ने कोई जवाब नहीं दिया। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि आम आदमी पार्टी केंद्रीय दिल्ली में खासकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर दफ्तर के लिए भूमि की मांग कर रही है, जहां भूमि उपलब्ध नहीं है। केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय की दलील का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि उसका एक मंत्री 23-24, राऊज एवेन्यू में अपना आवास खाली कर आम आदमी पार्टी को देना चाहता है। इस पर मंत्रालय ने कहा कि जब तक मंत्री अपना आवास खाली नहीं करते और मंत्रालय के अधिकार में नहीं आ जाता, तब तक वे स्वयं किसी को कैसे आवंटित कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की याचिका पर 14 अप्रैल को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। आम आदमी पार्टी ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने उसके राऊज एवेन्यू दफ्तर को 15 जून तक खाली करने का आदेश दिया है।




**आदेश**

▶▶ सुप्रीम कोर्ट ने उसके राऊज एवेन्यू दफ्तर को 15 जून तक खाली करने का आदेश दिया है

## लोकसभा चुनाव: फिसड्डी साबित हुए आप के विधायक

**वोट प्रतिशत बढ़ा**

▶▶ साल 2014 के बाद यह लगातार तीसरी बार है जब लोकसभा चुनाव में विधायकों का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के विधायक राजधानी में फिसड्डी साबित हुए। साल 2014 के बाद यह लगातार तीसरी बार है जब लोकसभा चुनाव में विधायकों का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा। हालांकि, कांग्रेस के साथ हुए गठबंधन के कारण वोट प्रतिशत जरूर बढ़ गया। आप उम्मीदवारों को 40 से 45 फीसदी के वोट मिले, जबकि साल 2019 में हुए चुनाव में यह आंकड़ा 16 से 27 फीसदी रहा था। गठबंधन के तहत आप के उम्मीदवार इस लोकसभा चुनाव में दिल्ली की चार सीटों पर लड़ रहे थे। इसमें पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर आप के दस-दस विधायक हैं, जबकि दक्षिणी दिल्ली लोकसभा में नौ और पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर आप के सात विधायक हैं। इन सभी सीटों पर आप के उम्मीदवारों को उम्मीद से काफी कम वोट मिले।

लगभग 36 विधानसभा क्षेत्रों में आप के उम्मीदवारों को काफी कम वोट मिले। पार्टी सूत्रों कहना है कि अब सभी विधायकों के प्रदर्शन की समीक्षा होगी। इसमें देखा जाएगा कि किन विधायकों के कारण गठबंधन को उम्मीद के अनुसार वोट नहीं मिले।

## सफदरजंग अस्पताल ने पौधा रोपण के साथ मनाया पर्यावरण दिवस

**संदेश**

▶▶ यह पौधा रोपण अभियान हवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ छाया प्रदान करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल ने पौधा रोपण के लिए मधुरिम जनसहयोग फाउंडेशन के साथ साझेदारी की। इस साझेदारी का लक्ष्य आने वाले महीनों में अस्पताल के मैदान और आसपास के क्षेत्रों में 500 नए पेड़ लगाने का है। बुधवार को इस कार्यक्रम की शुरूआत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार और मधुरिम जनसहयोग फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने पौधा रोपण के साथ की।

इस कार्यक्रम में अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.पी. अरोड़ा और अस्पताल स्टाफ के कई सदस्यों ने भी भाग लिया। इस मौके पर डॉ. वंदना तलवार ने कहा कि एक स्वास्थ्य सेवा संस्थान के रूप में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। यह पौधा रोपण अभियान हवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ छाया प्रदान करेगा और अधिक उपचारात्मक वातावरण तैयार करेगा।



## घाटे का सौदा साबित हुआ कांग्रेस को 'आप' के साथ जाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के लिए आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ना काफी घाटे का सौदा साबित हुआ। कांग्रेस को एक ओर अपने हिस्से में आई एक भी सीट पर जीत नसीब नहीं हुई। वहीं, दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के साथ जाने के विरोध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य नेताओं ने चुनाव के बीच में पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। इस तरह उसे न राम मिला न माया। प्रदेश कांग्रेस के अधिकांश नेता आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने पार्टी आलाकमान के समक्ष ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक तौर पर आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने का विरोध किया था। मगर कांग्रेस आलाकमान ने राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर भाजपा को हराने के लिए अपने नेताओं के विरोध को दरकिनार करके आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि उसके प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कुछ नेताओं के साथ त्याग पत्र देकर भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने यह कदम उठाने से पहले गठबंधन को लेकर पार्टी की जमकर किरकिरी करने का कार्य किया था। इस दौरान कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के समक्ष असहज स्थिति पैदा हो गई थी। कार्यकर्ताओं के बीच एक-दूसरे के प्रति अविश्वास का भाव पैदा हो गया था।

## एयर कनाडा की दिल्ली-टोरंटो फ्लाइट में बम की धमकी

**संदिग्ध नहीं**

▶▶ विमान में बम रखा गया है। जांच करने पर फ्लाइट में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एयर कनाडा के टोरंटो जाने वाले विमान में उस समय दहशत फैल गई जब इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि विमान में बम रखा गया है। जांच करने पर फ्लाइट में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एक अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) कार्यालय को मंगलवार रात 10.50 बजे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया कि दिल्ली-टोरंटो एयर कनाडा की उड़ान में बम रखा गया है। जिसके बाद तुरंत फ्लाइट को उड़ान भरने से रोका गया। पुलिस ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए फ्लाइट की जांच की लेकिन कुछ भी संदिग्थ नहीं मिला।

**चेन्नई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी**

शनिवार को चेन्नई से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी मिली थी। फ्लाइट 6ए 5314 ने चेन्नई से सुबह करीब सात बजे उड़ान भरी थी।



## सनकी दोस्त बने जल्लाद

**चाकू गोदा**

▶▶ काम को लेकर चिढ़ाने का विरोध करने पर युवक को चाकू से गोदा, आरोपी इस बात पर थे चिढ़ाते

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सागरपुर में पार्टियों में बर्तन धोने के काम करने को लेकर चिढ़ाने का विरोध करना एक युवक को महंगा साबित हुआ। हमलावरों ने विरोध करने पर युवक को चाकू से गोद दिया। घायल युवक की पहचान शोभित चौधरी के रूप में हुई है। उसका गंभीर हालत में एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वेस्ट सागरपुर निवासी विमल मिश्रा और मुकुल के रूप में हुई है। दोनों पार्टियों में वेटर का काम करते हैं। मुकुल पर मोहन गार्डन थाने में चोरी करने का एक मामला पहले से दर्ज है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 29 मई को पुलिस को सागरपुर में एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। पुलिस ने घायल शोभित चौधरी को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर मौजूद एक चश्मदीद ने पुलिस को बताया कि शोभित का मुकुल और विमल से झगड़ा हुआ था।

## चक्रव्यूह में फंसी आप जेल का जवाब वोट के सामने कमजोर पड़ रही थी बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी जहां धनुर्धर की** तरह बाण चला रहे थे तो केंद्रीय नेतृत्व हर समय सारथी की भूमिका में नजर आया। केंद्रीय नेतृत्व चुनावी दांवपेच के हर गुर सिखाता रहा। विपक्ष को भाजपा ने कहीं चक्रव्यूह में फंसाया तो कहीं विपक्ष के चक्रव्यूह को भेदकर सातों सीटों पर विजय हासिल कर ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का भी चुनाव के दौरान जादू चला। दोनों की ओर से संसदीय क्षेत्रों में की गई सभाओं ने असर दिखाया।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में प्रधानमंत्री की पहली रैली के बाद ही भाजपा जीत के प्रति आश्वस्त हो गई थी। ढाई माह के प्रचार में वार-पलटवार के कई बाण दोनों तरफ से चले। कई ऐसे मोड़ आए जहां आम आदमी पार्टी पूरी तरह से भाजपा प्रत्याशियों को घेरे हुई थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने और सुनीता केजरीवाल के प्रचार अभियान में जुटने सहानुभूति वोट लेना भारी पड़ रहा था। भाजपा को इसकी काट नहीं मिल रही थी। इस काट के लिए भाजपा ने बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरवात को मैदान में उतारा। जेल का जवाब वोट वाला नारा भी भाजपा के लिए एक समय भारी पड़ रहा था। जैसे ही स्वाति मालीवाल का मामला उठा भाजपा पूरी तरह से आम आदमी पार्टी पर हमलावर हो गई और प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा को सड़क पर विरोध-प्रदर्शन के लिए उतार दिया। आप और कांग्रेस का गठबंधन होने से भी भाजपा में एक समय निराशा हाथ लगी, लेकिन अरविंद सिंह लवली के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का भाजपा में शामिल होना और प्रदेश कांग्रेस का एक तरह से बिखरना भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में काम आया। जेल से जमानत मिलने पर केजरीवाल ने धुआंधार प्रचार कर जब पार्टी के पक्ष में सधे हुए राजनीतिज्ञ की तरह माहौल बना रहे थे। इस बीच उन पर हमला तेज करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने योगी आदित्यनाथ सहित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार में उतार दिया।

**गठबंधन को घेरने का काम किया:** रेल मंत्री अश्विनी प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचकर वार रूम को संभाल रहे थे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी समेत कई नेताओं ने आप व कांग्रेस पार्टी को कठघरे में खड़ा किया।

चुनाव में भाजपा ने न केवल गठबंधन को सोशल मीडिया के माध्यम से घेरने की नीति पर काम किया, बल्कि भीषण गर्मी में भी कार्यकताओं की फौज को जनसभा, रैली, घर-घर संपर्क अभियान में झोंके रही।



**स्वाति मुद्दे ने हराया**

▶▶ स्वाति का मामला उठा भाजपा पूरी तरह से आप पर हमलावर हो गई और भाजपा महिला मोर्चा को सड़क पर विरोध-प्रदर्शन के लिए उतार दिया

# सोनीपत लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच हार-जीत के मायने

### इस चुनाव ने कई रिकार्ड बनाए पहले साधु-संत सासंद बने, कांग्रेस को सोनीपत लाकसभा सीट पर चौथी बार जीत मिली

**मुद्दों पर जोर**

**कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों को उठाया और समाधान की दिशा में ठोस योजनाएं प्रस्तुत कीं। सेवाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर जोर दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सोनीपत लोकसभा सीट पर 2024 के चुनावों में कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी की जीत और भाजपा के मोहनलाल बडोली की हार ने हरियाणा की राजनीति में एक नई दिशा दी है। आइए, इस चुनाव के हार-जीत के कारणों और दोनों पार्टियों के प्रदर्शन का तुलनात्मक अध्ययन करते हैं। सबसे पहले तो कांग्रेस की जीत के कारण को जान लें इसमें स्थानीय मुद्दों पर ध्यान दिया गया। कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों को उठाया और समाधान की दिशा में ठोस योजनाएं प्रस्तुत कीं। किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी, और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया। दूसरा अहम मुद्दा रहा हरियाणा बनने से अब तक किसी भी पार्टी ने सोनीपत संसदीय क्षेत्र में जींद को टिकट नहीं दी थी। यह टिकट मिलने और भाजपा द्वारा कंडीडेट को बाहरी कहने पर जींद जिला के लोगों ने नारा दिया कि अभी नहीं तो कभी नहीं। सतपाल ब्रह्मचारी की लोकप्रियता का सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान और उनकी सरल छवि ने मतदाताओं को प्रभावित किया। उनके व्यक्तिगत संपर्क अभियान ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गठबंधन की रणनीति कांग्रेस ने अन्य स्थानीय दलों के साथ समझौता किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सक्रियता जाट नॉन जाट वोटों का विभाजन कम हुआ और मतदाताओं का समर्थन मिला। तीसरा बड़ा कारण 2019 में भाजपा की जीत के पीछे प्रमुख कारण मोदी लहर थी, जो 2024 में मोदी लहर का कमजोर रही। जनता के बीच आर्थिक मंदी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर नाराजगी बढ़ी।

**भाजपा की हार के कारण:** भाजपा ने सतपाल ब्रह्मचारी को बाहरी कह कर पेश किया जबकि वे जींद जिला के रहने वाले हैं पांड़पिडारा में इनका सवा सौ साल पुराना धार्मिक स्थल है जिसके वे मठाधीश हैं। यह जींद वालों को नागवार गुजरा जहां से लगभग एक लाख वोटों से जीत मिली थी वहीं मामला फंस गया। दूसरा भाजपा सरकार पर आरोप लगे कि वे वादों को पूरा करने में असफल रहे। स्थानीय विकास परियोजनाओं की धीमी गति और अधूरी योजनाओं ने जनता को निराश किया। अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी गन्नौर में जीटी रोड के साथ 10 साल में शुरू नहीं हो पाई। तीसरा किसान आंदोलन का सीधा असर भाजपा पर पड़ा। किसानों की नाराजगी और विरोध प्रदर्शन ने भाजपा की लोकप्रियता को कम किया। मोहनलाल बडौली के प्रचार अभियान में 800 से ज्यादा नुक्कड़ सभाएं की, हर विधान सभा क्षेत्र की विजय संकल्प रैली में कमजोरियां रही इंवेट ज्यादा रहा लेकिन लोगों से तालमेल नहीं बना पाए। भाजपा की हार में इसने बड़ी भूमिका निभाई। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों ने भी भाजपा के खिलाफ माहौल तैयार किया। लोगों के काम बात नहीं की की गई इसलिए हार की दिशा में बढे।

# हरियाणा में लोकसभा चुनाव के नतीजे मतदान प्रतिशत से जुड़े नही रहे

**धारणा गलत हुई**

**फरीदाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कराई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: देश में लोकसभा** चुनाव के दौरान मतदान के कम प्रतिशत को भले ही इसे सत्तारूढ़ भाजपा के विरोध में होने की धारणा बनाई गई हो लेकिन हरियाणा के चुनाव परिणामों ने यह साबित किया है कि हार जीत का मतदान प्रतिशत से कोई संबंध नहीं है। हरियाणा की फरीदाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कराई है जबकि हरियाणा की अन्य लोकसभा क्षेत्रों के मुकाबले फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 60.52फीसदी मतदान दर्ज किया गया।इसी तरह गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में 62.03फीसदी मतदान दर्ज किया गया जबकि इस सीट से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने लगातार छठी बार जीत दर्ज करवाई है।करनाल लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 63.74 प्रतिशत मतदान की स्थिति में जीत दर्ज करवाई। सोनीपत लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने 63.44 फीसदी मतदान में जीत दर्ज करवाई।

हरियाणा में सबसे ज्यादा मतदान सिरसा लोकसभा क्षेत्र में दर्ज किया गया जहां कि 69.77 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा ने भाजपा के विकेट उड़ा दिए।इसी सीट से भाजपा के डॉ अशोक तंवर को लगातार तीसरी हार का सामना करना पडा।भाजपा ने निवर्तमान सांसद का टिकट काटकर तंवर को टिकट दिया था। अंबाला लोकसभा क्षेत्र में 67.34 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। मतदान बढ़ने पर भाजपा प्रत्याशी बतों कटारिया हार गई और कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी चुनाव जीत गए।अगर ये माना जाए कि मतदान बढ़ने पर भाजपा हार रही थी तो कुरुक्षेत्र में 67.01फीसदी मतदान पर भाजपा के नवीन जिंदल जीत गए।इंडी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता चुनाव हार गए। सुशील गुप्ता की जीत के लिए आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस ने भी ताकत झोंकी थी।हिसार लोकसभा क्षेत्र में 65.27फीसदी मतदान में कांग्रेस के जयप्रकाश जेपी ने जीत दर्ज की।भाजपा ताकत झोंकने के बाद भी रणजीत चौटाला को नही जिता पाई।रोहतक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा ने 65.68फीसदी मतदान में बड़ी जीत दर्ज की और भाजपा के डॉ अरविंद शर्मा को पटखनी दे दी।भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह ने 65.39फीसदी मतदान में ही लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करवाई।धर्मवीर सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह को पटखनी दी।

## हरियाणा में की गई प्राण वायु देवता वृक्षों की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा के वन विभाग ने 75 वर्ष से अधिक आयु के प्राण वायु देवता वृक्षों की पूजा कर पर्यावरण दिवस मनाया। जिला गुरुग्राम के भोंडसी में मुख्य रूप से श्री अनंत प्रकाश पांडे, एपीसीसीएफ (दक्षिण) व श्री राजीव तेजयान, डीएफओ गुरुग्राम ने संयुक्त रूप से प्राण वायु देवता वृक्षों के सम्मान समारोह में भाग लिया। समारोह में वन अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर श्री अनंत प्रकाश पांडे ने प्राण वायु देवता योजना के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि हमें वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ-साथ पौधों की देखभाल भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण आज के समय की जरूरत भी है। साउथ सर्कल के सभी डिवीजनों - गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, पलवल, नूंह और मेवात में एक साथ इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# सांसद बनने के बाद नवीन जिंदल ने मतदाताओं का जताया आभार

**आभार**

**सबका विकास-सबका विश्वास मंत्र के साथ करेंगे संसदीय क्षेत्र का विकास: नवीन जिन्दल**



**टीम एक्शन इंडिया**

कैथल: कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद बुधवार को नवीन जिंदल कैथल पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। लोग नवीन जिंदल को बधाई देने के लिए कैथल के जिंदल हाउस में पहुंचे। 10 साल बाद जिंदल हाउस में फिर से रौनक लौटने लगी है। बैठक में जिंदल ने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे सबका विकास-सबका विश्वास मंत्र के साथ पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का विकास करेंगे। वे पूरे हलके के सांसद हैं चाहे किसी ने उन्हें वोट दिया या ना दिया हो, लेकिन वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार भी। उन्होंने कहा कि वे सभी के साथ मिलजुल कर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को विकसित और खुशहाल बनाएंगे। वे पिछले 10 साल के कार्यकाल के मुकाबले 10 गुना कार्य करेंगे, क्योंकि क्षेत्रवासियों की सेवा की विरासत उन्हें अपने पिता ओपी जिंदल से मिली है।

# एटीएम मशीन में चिप लगा रुपये चोरी करने वाले गिरफ्तार

**पर्दाफाश**

**पुलिस पूछताछ में आरोपियों से पता चला है कि वे एटीएम मशीन के पावर प्लग में एक चिप सेट लगा देते थे**

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम: एटीएम मशीनों से रुपये चोरी करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो युवतियां भी शामिल हैं। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बुधवार को बताया कि आरोपियों के पास से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी व 23200 रुपये नकदी बरामद हुई है। एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपये चोरी होने की शिकायत बैंक के प्रबंधक ने 3 जून को दी थी। उन्होंने कहा था कि 2-3 जून की रात को सेक्टर-10 स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से कुछ लोगों ने रुपयों की चोरी कर ली है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की। पुलिस थाना सेक्टर-10 की पुलिस टीम ने इस अपराध में 2 महिलाओं सहित 5 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान अहसान, नंदिनी, महक, रईस व अशफाक के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी अहसान, नंदिनी, महक को 3 जून को सेक्टर-10 गुरुग्राम से तथा आरोपी रईस व अशफाक को बुधवार 5 जून को पिनगवां जिला नूंह से काबू किया। आरोपी अहसान पिनगंवा का रहने वाला है। नंदिनी पठानपुरा शाहदरा दिल्ली, महक भोलानाथ नगर शाहदरा दिल्ली, रईस पिनगवां व अशफाक कस्बा खानपुर जिला औरैया यूपी का रहने वाला है। वह फिलहाल पिनगवां रहता है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से पता चला है कि वे एटीएम मशीन के पावर प्लग में एक चिप सेट लगा देते थे और रिमोट के माध्यम से मशीन को स्विच ऑफ व ऑन कर देते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वनस्पति उद्यान में नवग्रह वाटिका का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,हिसार के वनस्पति उद्यान में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नवग्रह वाटिका का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने नवग्रह वाटिका में नौ ग्रहों पर आधारित लगाए गए पौधों का निरीक्षण भी किया। प्रो. काम्बोज ने नौ ग्रहों के धार्मिक आधार पर लगाए गए पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस ग्रह के लिए कौन सा पौधा शुभ है। कौन से ग्रह को शांत करने के लिए किस पौधे की लकड़ी और पत्तों का प्रयोग किया जाता है। उसी के अनुसार वाटिका में पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पौधों के धार्मिक महत्व को बताने वाली ये नवग्रह वाटिका विश्वविद्यालय के वनस्पति उद्यान में बनाई गई है ताकि वाटिका में आने वाले नागरिकों को ग्रहों से संबंधित पौधों के महत्व के बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि बृहस्पति गृह के लिए पीपल, बुध गृह के लिए अपामार्ग, केतु के लिए कुश घास, शुक्र के लिए गूलर, सूर्य के लिए ऑक, शनि के लिए शमी, चन्द्र के लिए प्लाश, मंगल के लिए खैर व राहु के लिए दूब घास का पौधा सर्वोत्तम माना गया है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है ताकि प्रत्येक नागरिक बरसात के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करे। मानव जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। वृक्षों से एक ओर जहां इमारती लकड़ी मिलती है वहीं दूसरी और पेड़-पौधे विभिन्न प्रकार की औषधियों बनाने में भी प्रयोग किए जाते हैं।

### यमुनानगर: भाजपा ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा की सभी विपक्षी दलों के एक जुट होने के बाद भी हरियाणा में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। भाजपा ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है और 5 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि हमारा लक्ष्य दस सीटों का था। जनता ने तीसरी बार भी हमें बहुत बड़ा समर्थन दिया है। वे बुधवार को आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिन सीटों पर कुछ खामियां हैं, उस पर मंथन भी किया जाएगा और उसकी समीक्षा भी की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा जीत हासिल करेगी। विधान सभा चुनावों में अभी समय है, निश्चित तौर पर हम हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होने कहा कि पूरे देश के अंदर निष्पक्ष रूप से चुनाव हुए हैं और पूर्व की सरकारों में किस प्रकार से बूथ कब्जे और हिंसा होती थी वह सबके सामने है। लेकिन मौजूदा समय में बिल्कुल निष्पक्ष रूप से चुनाव हुए हैं। लेकिन बेशर्मी के साथ फिर भी कोई आरोप लगाता है तो गलत है।

### दिव्यांग के सिर में चोट मार शव को फेंका रेलवे लाइन

**टीम एक्शन इंडिया**

पलवल: पलवल में एक दिव्यांग व्यक्ति की हत्या करके उसके शव को रेलवे लाइन के साथ बने दूर संचार केंद्र के केबिन में फेंकने का मामला बुधवार को सामने आया है। पड़ोस के बच्चों ने शव देखा तो इसकी जानकारी उसके घर पर दी। सूचना के बाद कैंप थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। छानबीन की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाश नगर पलवल निवासी अनमोल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि पड़ोस के दो बच्चों ने आकर उसे बताया कि कन्हैया भाई मरा पड़ा है।

# लू से बचाने के लिए नागरिक बरतें विशेष सावधानी

**एडवायजरी**

**मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की जताई संभावना**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: प्रदेश में तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है** और हीट-वेव (लू) भी चल रही है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी की गई है, जिसके अनुसार नागरिकों को बचाव में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। नागरिकों को पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। वे उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। अगर बीमारी महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

**ज्यादा पानी पियें:** प्रवक्ता ने कहा कि लू से बचाव के लिए समय-समय पर पर्याप्त पानी पीयें, भले ही प्यास न लगी हो। इसके अलावा हल्के रंग के व ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दोपहरी में घर से बाहर निकलने से बचें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है।

# पूर्व चेयरमैन अशोक गुप्ता से गैंगस्टर नंदू ने मांगी दो करोड़ रंगदारी

**केस दर्ज**

**कॉल करने वाले ने कहा, यदि दो करोड़ नहीं दिए तो नफे सिंह जैसा हाल करेंगे, मामला दर्ज**




**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर: बहादुरगढ़ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष व गणपति धाम प्रबंध समिति के** प्रधान अशोक गुप्ता को फोन कर गैंगस्टर नंदू ने दो करोड़ रुपये रंगदारी मांगी है। रंगदारी न देने पर इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रहे नफे सिंह राठी जैसा हाल करने की धमकी दी है। यह कॉल व्हाट्सएप के जरिए की गई। अशोक गुप्ता बहादुरगढ़ की अनाज मंडी के निवासी हैं और फिलहाल दिल्ली के मुलतान नगर में रहते हैं। उन्होंने दिल्ली के पश्चिम विहार थाना में शिकायत दी है। शिकायत के आधार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता अशोक गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार की शाम करीब 6 बजे उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आई। उन्होंने यह कॉल रिसीव की तो कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर नंदू बताया और दो करोड़ देने की मांग की। रंगदारी न देने पर इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रहे नफे सिंह राठी जैसा हाल करने की धमकी दी। इससे वह घबरा गए। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पश्चिम विहार थाना पुलिस को की। पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 383 और 506 के तहत केस दर्ज किया है।

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अभी अशोक गुप्ता की तरफ से किसी तरह की सिक्योरिटी की मांग नहीं की गई है। मांग की जाएगी तो उन्हें पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करा दी जाएगी। बता दें कि 25 फरवरी की शाम बहादुरगढ़ में बराही फाटक के पास पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दौरान उनके समर्थक जयकिशन दलाल की भी गोलियां लगने से मौत हो गई थी। इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ब्रिटेन में बैठे गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल करके ली थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों आशीष और सौरव को गोवा के एक होटल से गिरफ्तार किया था। दोनों झज्जर की जेल में बंद हैं। इस मामले में पुलिस ने शूटरों को गाड़ी उपलब्ध कराने के आरोप में बिजवासन के रहने वाले धर्मेंद्र को भी **गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।**

# बड़ी बातें कीं मगर बड़ा काम नहीं कर पाए गुरुग्राम के कांग्रेसी

**हार के कारण**

**इंद्रजीत से ही नहीं अपनों की निष्क्रियता से भी हारे हैं राज बब्बर, कांग्रेस के बड़े नेताओं ने दूरी बनाए रखी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम: लोकसभा चुनाव-2024 में इंडिया** गठबंधन प्रत्याशी राज बब्बर को अपनों से भी धोखा मिला है। सिर्फ भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने नहीं हराया, बल्कि स्थानीय कांग्रेसी नेताओं की निष्क्रियता से भी वे हारे हैं। गठबंधन में शामिल रही आम आदमी पार्टी ने भी गठबंधन धर्म ठीक से नहीं निभाया।

सोशल मीडिया पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले नेताओं ने उनके लिए मेहनत नहीं की। कुछ नेता मजबूती से साथ खड़े रहे। कुछ नेता बब्बर के साथ फोटो सेशन में ही व्यस्त रहते थे और फिर अपना सोशल मीडिया अपडेट करते थे। जनता के बीच जाकर वोट प्रतिशत बढ़ाने का काम ये नेता नहीं कर पाए। वर्ष 1991 से 1996 तक तीन बार मंत्री रहे राव धर्मपाल सिंह अंतिम बार बादशाहपुर विधानसभा सीट से विधायक बने थे। उनकी मजबूत सीट रही बादशाहपुर से बहुत बड़े अंतर से राज बब्बर हारे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके पूर्व मंत्री स्वर्गीय राव धर्मपाल सिंह के पुत्र विरेंद्र सिंह का इस चुनाव में क्या योगदान रहा। कांग्रेस के जहां मजबूत नेता नहीं थे वहां से कांग्रेस जीती। जहां नेता खुद को मजबूत दिखा रहे थे वहां से कांग्रेस हार गई। ऐसी तस्वीर बादशाहपुर की भी रही और पटौदी विधानसभा की भी। नेताओं ने राज बब्बर का अपने स्तर पर चुनाव प्रचार में कोई ध्यान नहीं दिया। कुछ नेता सेलिब्रिटी राज बब्बर के साथ-साथ रहने में ही खुद को प्रमोट कर रहे थे। सबके साथ आत्मीयता से मिलना राज बब्बर का स्वभाव है, लेकिन अपने साथ रहने वाले नेताओं की कार्यप्रणाली पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। आम आदमी पार्टी का भले ही इंडिया गठबंधन के तहत राज बब्बर का साथ हो, लेकिन जमीनी स्तर पर आम आदमी पार्टी को राज बब्बर से शायद कोई सरोकार ही नहीं था। टिकट ना मिलने पर रूठे पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव को भले ही राज बब्बर ने मना लिया हो, लेकिन उनके प्रचार में कैप्टन अजय यादव उनके विधायक पुत्र चिरंजीव राव का कोई रोल नजर नहीं आया। हालांकि राज बब्बर उनके लिए यह जरूर कहते रहे कि वे साथ मेहनत कर रहे हैं। अब भी कैप्टन अजय यादव उनको टिकट मिलने पर गुडगांव से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी एवं पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया भी चुनाव में कटे से नजर आए। उन्होंने भी चुनाव में अपने स्तर पर कुछ खास नहीं किया। यह हाल तो तब रहा जब राज बब्बर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद के उम्मीदवार थे और सुखबीर कटारिया हुड्डा खेमे के नेता हैं। उनकी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती थी कि वे चुनाव प्रचार में निकलते।

# उचाना हलके में 59 जगहों पर कांग्रेस के जेपी तो छह जगहों पर जीते रणजीत

**मत मिले**

**कांग्रेस को 16 हजार के करीब तो बीते विस चुनाव में पांच हजार के आसपास मत मिले थे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की इस बार उचाना हलके में बल्ले-बल्ले हुई। बीते लोकसभा चुनाव में हलके से कांग्रेस को 16 हजार के करीब तो बीते विस चुनाव में पांच हजार के आसपास मत मिले थे। इस बार लोकसभा चुनाव में बीते लोकसभा चुनाव के मुकाबले पांच गुणा से अधिक मत मिले। उचाना हलके में कांग्रेस उम्मीदवार अधिकांश गांवों में जीते। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह 10 से कम गांव में जीते। जयप्रकाश की सबसे बड़ी जीत छात्तर गांव में 2700 से अधिक मतों से रही तो सबसे कम जीत शामदो गांव में 78 मतों की रही। भाजपा उम्मीवार रणजीत की सबसे अधिक जीत खांडा गांव में 1061 मतों की रही तो सबसे कम भगवानपुर में 223 मतों की रही। कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश सुदकैन कलां, सुदकैन खुर्द, लोधर, मांडी, संडील, थुआ, छात्तर, गुरूकुल खेड़ा, अलीपुरा, काब्रच्छा, तारखा, डूमरखा खुर्द, घसो खुर्द, झील, डोहाना खेड़ा, मंगलपुर, घसो कलां, सफा खेड़ी, खरकभूरा, करसिंधु, कुचराना कलां, डाहोला, पेगां, बुल्ला खेड़ी, दुड़ाना, कटवाल, अलेवा, शामदो, चांदपुर, कुचराना खुर्द, घोघडिया, रोजखेड़ा, पालवां, खेड़ी।

## न्यूज फ्लैश

### उम्मीदवारों को चुनाव परिणाम उपरांत एक माह के भीतर जमा करना होगा चुनावी खर्च का ब्यौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों को चुनाव परिणाम घोषित के एक माह के अंदर-अंदर अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को जमा करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समय अवधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड? के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि इस बार लोकसभा आम चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए प्रति उम्मीदवार तय की गई थी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक डायरी में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है और अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होता है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना चलती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के परिणाम 4 जून को घोषित हो चुके हैं, एक माह के अंदर-अंदर उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का ब्योरा देना अनिवार्य है।

### गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा लुप्त होती विधाओं जैसे लोक गायन, लोकगाथा, लोक चित्रकला, लोक नाट्य, दुर्लभ वाद्य यंत्रों, लोक नृत्य विधा का प्रशिक्षण देने वाले गुरुओं व उनके शिष्यों के नाम, पता व दूरभाष नंबर सहित विवरण की सूची मांगी गई है। इस योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून 2024 है। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ.नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित गुरु व शिष्यों को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा गुरु को 7500 रुपए प्रतिमाह, प्रति संगीतकार को 3750 रुपए प्रतिमाह एवं प्रत्येक शिष्य को 1500 रुपए प्रतिमाह एक वर्ष तक मानदेय प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय की द्वितीय तल पर स्थित कक्ष संख्या 19, जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी के कार्यालय में संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

### सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निपटान के लिए आयोजित की जाएगी विशेष लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने कहा कि जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित हैं, वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत से समाधान करवाना चाहते है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# पराशक्तियों की कृपा से अलौकिक सफलता मिलती है : महासाध्वी प्रमिला

### सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, जयपाल सिंह, पवन जैन, अनिता जैन, पुष्पा गोयल, कर्मवीर चौहान आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा और श्री घंटाकर्ण देव का आह्वान करते हुए उनकी मंगलमय कृपा की याचना की। न देर है न अंधेर है यह तो कर्मों का फेर है, इस देव को शत-शत वंदन है चरणों में अर्चन है, मैं दास चरण नित ध्याऊं मुक्ति को दिलाओ प्रभुवर भवसागर मैं तर जाऊं, ओ घंटाकर्ण महावीर मेरी नैया पार लगा दो तेरे दर पे जो भी आवे वह मन की मुरादें पावे आए हम भी तेरे द्वारे, ऐसी कृपा करो दादा हर जन्म मैं रहूं साथ तेरे चाहे जो भी जन्म मुझको देना मौका सेवा का मुझको ही देना, ए दादा तेरे भक्त हम नित कीजिए हम पर करम लाज रखना मेरी सुन लो विनती मेरी दीजे चरणों में हमको शरण आदि भजनों ने सभी को भक्ति में झूमने को मजबूर किया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है और पराशक्तियों की दैवी कृपा से अलौकिक सफलता पाई जा सकती है। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी, भक्तवत्सल देवता हैं, जिनकी कृपा व्यक्ति को निहाल तथा मालामाल कर देती है। इनमें भक्तों के संकटों को टालकर भक्त के जीवन को निर्विघ्न मनाने की अप्रतिम क्षमता है। परालौकिक शक्तियां भक्ति से प्रसन्न होकर कंगाल को मालामाल, साधनहीन को साधनसंपन्न तथा दर-दर ठोकरें खाने वाले को भी शाही ठाठ-बाट से युक्त बना देती हैं। परंपराओं के सर्वमान्य परोपकारी, जनहितैषी ऐसे देवता हैं, जिनके अनुकूल होने पर सारी तकलीफें काफूर हो जाती हैं और जीवन-पथ गुलाब की की तरह सुकोमल तथा सुगमता से चलने योग्य बन जाता है। अंधेर पक्ष की चतुर्दशी श्री घंटाकर्ण देव को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पाकर अपने को सुख संपन्न बनाने का विशेष अवसर है।

## पर्यावरण सुरक्षित रहने पर ही जीवन सुरक्षित रहेगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक के नेतृत्व में आज रेडक्रॉस भवन में विश्व पर्यावरण के अवसर पर फलदार व छायादार पौधे लगाए। यही नहीं स्कूली बच्चों के हाथ से भी पौधारोपण करवाकर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। साथ ही बच्चों से कहा कि वे अपने घरों के आसपास भी पौधे लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहने पर ही जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। धरा पर यदि पेड़ अधिक होंगे तो बारिश भी अधिक होगी। दरख्त इस धरा के गहने हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का असर पर्यावरण पर पड़ रहा है।

## हमें भूजल बचाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे : राजीव



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भूजल जैसी प्राकृतिक संपदा को भविष्य के लिए सुरक्षित करने हेतु तेजी से प्रयास करने होंगे। उपरोक्त शब्द प्रसिद्ध पर्यावरणविद, राष्ट्रीय अवार्डी तथा अटल भूजल योजना करनाल के सूचना, शिक्षा एवं संचार विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांव टपराना के शिव मंदिर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें भूजल बचाने का प्रयास तेज करने होंगे अन्यथा हमें भविष्य में जल संकट से जूझना पड़ सकता है। ग्रामीण स्तर पर इस दिशा में अटल जल सहेली व स्कूली बच्चे भी युवा राजदूत के रूप में बेहतरीन भूमिका अदा कर सकते हैं। आज समय रहते हमें सबको इस दिशा में सार्थक व सकारात्मक भूमिका निभानी होगी और भूजल की एक-एक बूंद की कीमत को समझना होगा। उन्होंने भूजल के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें भूजल बचाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे, इसके लिए घरेलू स्तर पर भी छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। विशेषकर कृषि क्षेत्र में किसानों को नई-नई तकनीकों व नये तरीकों को अपनाना होगा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होने की सबसे ज्यादा जरुरत : डॉ. सुरेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के हर्बल पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने पौधारोपण किया गया। पौधारोपण में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढकर भाग लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर बोलते हुए कुलपति डॉ. सुरेश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होने की सबसे ज्यादा जरुरत है। शुद्ध वातावरण मानव जीवन के लिए कितना आवश्यक हैं, इसको सभी को समझना होगा। प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक दोहन पर रोक लगानी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ी शुद्ध हवा में सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि आज के समय ग्लोबल वार्मिंग के संदर्भ में विश्व पर्यावरण दिवस और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि आजकल देश और विश्व के अनेक भागों में प्राकृतिक आपदा लोगों की तकलीफ का बहुत बड़ा विषय बना हुआ है। इसलिए आओ हम सब प्रण करें कि हम पर्यावरण दिवस, केवल आज ही नहीं, बल्कि सदैव बन मनाएंगे। हम जगह जगह वृक्ष लगाएंगे, जिसमें फलदार जैसे आम, जामून, शहतूत, बेलपत्थर छायादार वृक्ष जैसे पीपल, नीम, बरगद एवं अन्य वृक्ष शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि नदियों को नदियों की तरह बहने दें, नदियों को गंदा नाला नहीं बनाएंगे। प्रकृति से उतना ही लेंगे, जितनी हमें आवश्यकता है।

## सैशन जज की अदालत ने हत्या आरोपियों को सुनाई 7 साल की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर की अदालत ने हत्या करने के आरोपियों गुलशन और विरक को 7 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने पीड़ित को 25 हजार रुपए हजार्ना अदा करने के भी आदेश पारित किए है। इस मामले में 2 अप्रैल 2023 को सुन्दर पुत्र मूलचन्द वासी नगला फार्म करनाल ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त पेश की, जिसमें उसने बताया कि 1 अप्रैल 2023 को उसका लडका दीपक उम्र 12 साल स्कूल के सामने खेल रहा था तो गुलशन पुत्र रामसिंह व विरक पुत्र मक्खन सिंह निवासी नगला फार्म करनाल उसे अपनी मोटरसाईकिल पर उठाकर ले गये तथा मारने की नियत से उसे झिलमिल ढाबे के पास नहर में फेंक दिया।

## थाना स्तर पर किया साइबर राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार आमजन को साईबर अपराधों से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा थाना स्तर पर साईबर राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत शिक्षण संस्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मार्किट व मुख्य चौंक चौराहों पर लोगों को जागरूक किया गया। साइबर अपराधों से बचाव का एक मुख्य उपाय जागरूकता है, यदि हर व्यक्ति इन अपराधों के प्रति जागरूक कर साइबर अपराधों में कमी लाई जा सकती है।

आज सुबह थाना सदर टीम द्वारा नए बस स्टैंड करनाल पर राहगिरों को साईबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि अपनी पर्सनल जानकारी किसी अननोन कालर से या ऐप पर सांझा न करें। किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, किसी अज्ञात नंबर से आने वाली विडियो काल से सतर्क रहें, आनलाइन टास्क पूरा करने या स्टाक मार्केट में इन्वेस्ट कर ज्यादा पैसा कमाने के लिए दिए जाने वाले प्रलोभनों से बचें। किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपने नंबर पर प्राप्त ओटीपी को सांझा न करें। उन्होंने कहा कि किसी कंपनी का हेल्पलाइन नंबर या कस्टमर केयर नंबर गूगल पर सर्च ना करके आफिशल वेबसाइट से ही प्राप्त करें। इसके अलावा थाना तरावड़ी टीम द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र तरावड़ी में प्रशिक्षणाथीर्यों को साीईबर अपराध से बचने के लिए बताया गया कि आजकल युवाओं मे आनलाइन शापिंग करने को लेकर होड़ लगी हुई है, जिसमें साईबर अपराधी उन्हें आसानी से अपने जाल में फांस लेते हैं। इसलिए यदि आप भी आनलाइन शापिंग करना पसंद करते हैं तो केवल आथराइज्ड साइट से ही शापिंग करें।

इनके अलावा थाना मधुबन की टीम द्वारा आरपीआईआईटी कालेज बसताड़ा में व थाना निगदू टीम द्वारा रायसन गांव की चौपाल में सभी को साईबर अपराधों बारे जागरूक किया। उन्होंने कालेज के छात्र-छात्राओं व गांव के अन्य लोगों को बताया कि साईबर फ्रॉड से बचने के लिए किसी भी अनजान सोर्स से पैसा कमाने के लालच में ना आए, ना ही किसी प्रकार का निवेश करें अन्यथा हो सकते हैं साईबर ठगी का शिकार, सचेत रहें और साईबर फ्रॉड होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

थाना बुटाना टीम द्वारा गोल मार्किट नीलोखेड़ी में, थाना असंध व थाना रामनगर टीमों द्वारा थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## दयौरा गांव के खेत में खड़े 300 वर्ष पुराने बरगद की पूजा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथलः पटवारियों ने कैथल** जिला के 15 गांव में खड़े 33 ऐतिहासिक पेड़ों का पूजन करना शुरू किया है। पर्यावरण की शुद्धि के लिए प्रदेश सरकार की प्राण वायु देवता पूजा प्रोग्राम के तहत बुधवार को गांव दयौरा के किसान चंद्रभान के खेतों में खड़े 300 वर्ष पुराने ऐतिहासिक बरगद की पूजा की गई। पंडित टेकचंद ने विधि विधान से वृक्ष पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। इस मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार संदीप सिंह ने बताया कि कैथल के 15 गांव में करीब 33 ऐतिहासिक वृक्षों का पूजन पटवारियों द्वारा किया गया। सरकार ने पुराने वृक्षों की पेंशन शुरू की है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे से पर्यावरण शुद्ध रहता है। पेड़ पौधे हमें आक्सीजन देते हैं। गर्मी में वृक्ष ही हमें धूप से बचाते हैं। हम सब को अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। किसान चंद्रभान ने बताया कि उनके खेत में 300 वर्ष पुराना बरगद पेड़ खडा है। जिसके तने करीब आधा एकड़ में फैले हैं। आसपास के सभी लोग इसे देखने आते हैं। पटवारी सुखविंद्र सिंह ने भी लोगों को पेड़ पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने को प्रेरित किया। इस मौके पर नंबरदार गुलाब सिंह, नरेंद्र सिंह व सोहन सिंह मौजूद रहे।

**हरियाणा सरकार 70 साल पुराने वृक्ष को देती है 2500 रूपए महीना पेंशनः** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 29 जुलाई, 2023 को प्राण वायु देवता योजना की शुरूआत कीथी। इस योजना के तहत 70 साल या अधिक उम्र के पेड़ों की देखभाल के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिसके तहत छोटे किसान और गरीब मजदूरों को जोड़ा जाता है, ताकि वह अपने खाली समय में पेड़ों की देखभाल करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें और इसके बदले में कुछ पैसे भी कमा सके। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 75 वर्ष या अधिक आयु के पेड़ों की देखभाल के लिए 2500 रुपए की आर्थिक सहायता हर महीने प्रदान की जाती है।

## जेनेसिस के ट्विंकल ने 710 अंक प्राप्त कर किया प्रदेश का नाम रोशन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा नीट का परिणाम घोषित होने के साथ ही करनाल में खुशी की लहर दोड़ गई। करनाल ही नहीं देश और प्रदेश में प्रतिष्ठत और भरोसेमंद कोचिंग शिक्षण संस्थान जेनिसिस क्लासिस के 300 बच्चों ने नीट क्वालिफाई किया। जेनिसिस क्लासिस के 82 बच्चों ने 650 से अधिक अंक प्राप्त किए। यहीं के ट्विंकल ने 710 अंक प्राप्त कर केटेगरी में 185 रैंक लेकर करनाल का नाम रोशन किया। वहीं पर मयंक गुप्ता और दीप्यांशी ने 720 में से 705 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा आर्यन राज ने 700, मनीष कुमार ने 700 धनंजय ने 700 अंक प्राप्त किए। तरुण चौधरी, आर्यन मित्तल अभिषेक चौधरी ने 695 अंक प्राप्त किए।

## मोदी मनोहर की जीत पर गांव किवाना में मनाया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने पर बुधवार को खंड के गांव किवाना में जश्न मनाया गया। मोदी मनोहर की जीत की खुशी में मिठाई बांटी गई तथा जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। सिवाना गांव में जिला भाजपा के महामंत्री कृष्ण छौक्कर के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने देश में फिर से भाजपा की सरकार बनने पर जय श्रीराम के जयघोष कर खुशी जाहिर की।



**खुशी**

**मोदी मनोहर की जोड़ी अब देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मिलकर करेंगे काम : कृष्ण**

भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने गांव वासियों को करनाल लोकसभा क्षेत्र से मनोहर लाल को सांसद निर्वाचित करने व देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल अब पीएम मोदी के साथ मिलकर देश को आगे बढ़ाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। मोदी और मनोहर की जोड़ी अब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के काम करेंगे। इस मौके पर सूरत सिंह, विकास, बिन्दू,रतन लाल,मामन सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, प्रताप सिंह, सूरजभान पूर्व सरपंच, विनोद एडवोकेट, प्रेम, तेलुराम, कृष्ण धीमान, अशोक शर्मा, डॉ राजपाल,राम शरण व इन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मानसून से पहले शहर के नालों की सफाई का कार्य जोरों पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मानसून से पहले शहर के सभी नालों की सफाई का लक्ष्य पूरा करने के लिए नगर निगम कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस कार्य में कुछ नालों की सफाई मुकम्मल होने को है, तो कुछ जगह काम जोरों से चल रहा है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को बताया कि एन.एच.-44 से सेक्टर-4 पुलिया तक ड्रेन नम्बर-1 के अंदर से जमी गाद व घास-फूस को पोकलेन मशीन से निकालकर सफाई की जा रही है। इसके तहत, जितना सम्भव बनेगा, ड्रेन की गहराई और चौड़ाई भी बढ़ाई जा रही है, ताकि बरसाती पानी निर्बाध रूप से प्रवाहित हो सके। उन्होंने बताया कि मुगल कैनाल के फेज-3 की सफाई का कार्य जोरों से चल रहा है, अगले दो से तीनों में यह कम्पलीट हो जाएगा। इसके बाद फेज 2 की सफाई करवाई जाएगी। कैनाल के अंदर जमी गाद को ट्रैक्टर व पोकलेन मशीन के जरिए निकाला जा रहा है। फेज 2 की सफाई का कार्य भी अगले 10-15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। राम नगर नाला की सफाई भी कई दिनों से जारी है, एक सप्ताह में यह भी मुकम्मल हो जाएगी। इसके अलावा शहर में मौजूद 24 बड़े नालों की सफाई का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

11 डिस्पोजलों का होगा संचालन और रख-रखाव- निगमायुक्त ने बताया कि शहर में निगम के अधीन 11 डिस्पोजल हैं, इनके संचालन और रख-रखाव का टेण्डर जल्द ही खुलने जा रहा है। इसके बाद इस पर काम शुरू होगा, जो अगले साढे 3 महीने तक चलेगा, अर्थात पूरा बरसाती सीजन मेंटेनेंस जारी रहेगी। इस कार्य में सभी जगह जेनरेटर सेट और मैनपावर एजेंसी ही मुहैया करवाएगी। इसकेसाथ-साथ उनकी मेंटेनेंस भी सम्बंधित एजेंसी ही करेगी। डिस्पोजल पर लगी मोटरें खराब होने की सूरत में ठीक करवाना भी एजेंसी की जिम्मेदारी रहेगी। सभी डिस्पोजल पर कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में रहेगी।

उन्होंने बताया कि इस कार्य में भिन्न-भिन्न डिस्पोजल पर 25, 62 व 125 केवीए क्षमता के जेन सेट तथा साढे 7, 10, साढे 17, 20, 50 व 100 एच.पी. क्षमता की मोटरें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन कार्यों पर अनुमानित 39 लाख 45 हजार रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

चारों आई.पी.एस. का भी होगा संचालन-उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में अमरूत योजना के तहत बरसाती पानी निकासी के लिए 4 आई.पी.एस. यानि इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें आई.पी.एस. हैरीटेज, मीरा घाटी, हकीकत नगर व सैदपुरा शामिल हैं।

## विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया 10 जून से बच्चों के लिए शुरू करेगी कोर्स : सचदेवा

**ट्रेनिंग**

**बच्चों को अंग्रेजी बोलना, कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के कोर्सेज, एकाउंटिंग और टैली कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया 10 जून से एसडी बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल राम नगर में बच्चों के लिए नयी शिक्षा प्रणाली-2020 के अन्तर्गत स्किल इंडिया के अंतर्गत कोर्स शुरू करने जा रही है। इसमें बच्चों को अंग्रेजी बोलना, कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के कोर्सेज, एकाउंटिंग और टैली कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन राकेश सचदेवा ने बच्चों के माता-पिता को भी मोटीवेट करते हुए उन्हें आने वाले समय में कैसे आगे बढना है, कैसे अपने लक्ष्यों को पाना है, साथ ही उन्हें शिक्षा का महत्व बताया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक सतीश पुरी, समाजसेवी कपिल मदान, रचना खट्टर, विनय मेहता, अमन शर्मा और राहुल शर्मा मौजूद रहे।



## संपादकीय

# लोक आकांक्षा ही सर्वोपरि!

**दो महीने के** दुरंत निदाघ-काल में सात चरणों में फैला लोकसभाई चुनाव नेताओं, चुनाव कर्मियों और वोटरों सबके लिए घोर तपस्या से कम न था। विश्व के विशालतम आम चुनाव के दौरान देश की जनता को अपने भारतीय लोकतंत्र की चाल-ढाल की विलक्षण छटाएं देखने को मिलीं। ग्यारह लाख और आठ लाख से ज्यादा के अंतर से लोग जीते तो नोटा का भी एक जगह डेढ़ लाख वोटरों ने इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग पर तोहमतें लगती रहीं पर उसने मुस्तैदी और निष्पक्षता से कार्य किया । इस चुनाव में एक ओर दस सालों से काबिज राजसत्ता को कायम रखने के लिए उद्यत एनडीए था तो दूसरी ओर उसे सत्ता से बेदखल करने की फिराक में जुटा फुटकर दलों का फौरी इंडी गठजोड़ था । सत्ता-संघर्ष के नाटक के हर अंक में विविध दृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही कथानक के केंद्रविंदु बने रहे। इसके लिए आक्रामक रुख अपनाते और धिक्कारते स्वर में इंडी गठबंधन विकास कार्यों, आर्थिक प्रगति, गरीबों तथा पिछड़े तबकों की उन्नति के उपायों और आधार-संरचना के तीव्र विकास को झुठलाता रहा। भारत की आर्थिक उन्नति, निखरती अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय गौरव बोध से भी उनका कोई वास्ता नहीं रहा। कांग्रेसी अगुआई में विपक्षी जोड़-तोड़ का एकल एजेंडा था मोदी से मुक्ति । इसलिए वे मोदी सरकार की उपलब्धियों को सिरे से खारिज करते रहे पर उनके पास भारत के लिए अपना कोई रचनात्मक खाका नहीं था । चालू योजनाओं में फेरबदल कर वे अपनी घोषणाएं पेश करते रहे । चुनावी सरगर्मी कभी नर्म-गर्म रही तो कभी तल्ख हुई। एक ओर से अतिरेक का उत्तर भी अतिरेक से ही दिया जाता रहा। ऐसे क्षण भी आए जब शिष्टाचार की मयार्दाएं टूटती नजर आईं और निर्वाचन आयोग ने प्रचारकों को सख्त हिदायत दी और कुछ को प्रचार कार्य से अलग भी किया । सत्ताधारी दल में ज्यादा ही आत्मविश्वास था कि चार सौ से अधिक सीटों को जीतेंगे परंतु उसे सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा तो मिला पर पिछले बार से कम सीटें ही मिल सकीं। लगातार दस वर्षों का कार्यकाल नेता और जनता दोनों को थका, उबा कर संतृप्त करने वाला भी होता है। मोदी काल में कई मोर्चों पर सक्रियता दिखती रही। उसी का फल है कि छह दशकों पहले का इतिहास दुहराते हुए एनडीए तीसरी बार लगातार सरकार बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। कांग्रेस ने पिछले चुनाव की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। चुनाव के दौरान तरहझ्तरह के सवाल उठाए जाते रहे। सनातन और राम-मंदिर निर्माण को लेकर भी अनर्गल प्रश्न उछालते रहे। जनता-जनार्दन ने जिस उत्साह से राम-मंदिर का स्वागत किया और तीन महीने में ही डेढ़ करोड़ लोग दर्शन करने पहुंचे वह भावनात्मक एकता और मंदिर की बिना शर्त स्वीकृति का प्रमाण है। इस दौरान हिंदू और हिंदुत्व के कई रूप बनते-बिगड़ते दिखे। यह खेद की बात है कि हिंदू जीवन दृष्टि या जीवनशैली जो करोड़ों हिंदू आज भी जी रहे हैं वह सिद्धांत ही नहीं व्यवहार में भी इतना समावेशी है कि सारी विविधताओं को समेट कर धारण करता है। संशयात्मक आत्मबोध देश के गौरव और स्वाभिमान के रास्ते में भी अड़चन खड़ा करता है। इसके चलते 'भारतीय' कहलाना और 'भारतीयता' की बात करना संकुचित मानसिकता को बतलाता है । सीमित क्षेत्रीय बनाम व्यापक राष्ट्रीय आकर्षणों के बीच की रस्साकसी चलती रही।

# दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा

आर.के. सिन्हा

> दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है , क्योंकि : इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी

**लोकसभा** चुनावों के नतीजों के कोलाहल में बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक देश के दुश्मन को दी गई उम्र कैद की सजा की खबर लगभग दब सी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा नागपुर जिला न्यायालय ने सुनाई। अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से जासूसी गतिविधियों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था। आजीवन कारावास के साथ-साथ उन्हें 14 साल के कठोर कारावास और 3,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। देश के गद्दारों को इसी तरह की सख्त सजा मिलनी चाहिए , ताकि कोई मातृभूमि के साथ गद्दारी करने के बारे में सोचे भी नहीं। आपको याद होगा कि छह साल पहले 2018 में इस मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी । क्योंकि , यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा जासूसी का पहला मामला था। अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से चलाए जा रहे इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे। ब्रह्मोस मिसाइल की जानकारी लीक करने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि उसके कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की गई और पाया गया कि संवेदनशील डेटा ट्रांसफर किया गया था। यह कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छिपे कुछ गद्दारों, सरकारी अफसरों से लेकर तथाकथित पत्रकार आदि भी बहुरूपिये शामिल हैं, जो दिखते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका



है। दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है , क्योंकि : इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी। देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं भी हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन, आम जनता को यह अधिकार तो कत्तई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे। पाकिस्तान और चीन की तरफ से लगातार यह कोशिश बनी रहती है कि उन्हें हमारी रक्षा तैयारियों की जानकारी हासिल होती रहे। इसलिए यह दोनों देश हमारे नागरिकों को तरह - तरह के लालच देकर सूचनाएं लेते रहते हैं। अब माधुरी गुप्ता की कहानी जान लें। वह भारतीय विदेश सेवा की ह्ग्रुप बीह्व श्रेणी की अधिकारी थी। अपनी 27 वर्षों की लम्बी सेवा में माधुरी ने इराक, लाइबेरिया, मलेशिया, क्रोएशिया और पाकिस्तान में नौकरी की। उर्दू पर अच्छी पकड़ और सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। कुछ साल पहले इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में द्वितीय सचिव के रूप में पोस्टिंग के दौरान माधुरी को उर्दू पर अच्छी पकड़ होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया को मॉनिटर करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छः महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद, जिसका कोड नाम जिम था, के द्वारा फंसा ली गयी। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गयी है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गयी। परिणामस्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने माधुरी गुप्ता को भारत वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरी तो खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया। पूछताछ से पता लगा कि वह आईएसआई के दो जासूसों झ मुन्नवर रजा राना और जमशेद उर्फ जिमी से सांठगाँठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करती थी। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को 3 वर्षों की सजा सुनाई। कुछ साल पहले ही चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था। राजीव शर्मा के बारे में यह पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे ह्यऑफिशियल सीक्रेट एक्टह्व (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे। चीन को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराने की एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी। इधर आरटीआई के तहत आवेदकों की बाढ़ सी आ गई है। बहुत से लोग अनाप-शनाप सवाल भी पूछते रहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अधिकार का गलत इस्तेमाल न हो। इस बाबत बहुत सजग रहना होगा। एक बात और कि जो देश के साथ गद्दारी करे उसे सीधे मौत की सजा देने पर भी विचार किया जाना चाहिए।

जरा सोचिए कि अग्रवाल को इस देश ने आईआईटी जैसे श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान में पढ़ने का मौका दिया। उसने आईआईट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। इसके बाद वह ब्रह्मोस एयरोस्पेस में इंजीनियर के तौर पर काम करने लगा। उसकी विशेषज्ञता की वजह से उसे बहुत कम समय में ब्रह्मोस एयरोस्पेस में जरूरी पदों पर पदोन्नत किया गया और मिसाइल परियोजनाओं पर काम करने वाली टीम का एक जरूरी सदस्य बनाया गया। वही शख्स देश का दुश्मन बन गया। उसके जैसों को तो फांसी होनी ही चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# पॉलीटिकल गुरु के पांच महामंत्र

रामविलास जांगिड़

**"तो लीजिए!** हाजिर है! पॉलीटिकल परफॉर्मिंग के लिए ये पांच महामंत्र!" कहकर पॉलीटिकल गुरु ने दलालों चमचों की यह क्लास ली। "मंत्र 1. कमरे में हाथी, हंसते रहो साथी यही मंत्र आपके जीवन का आधार होगा। यही पॉलीटिकल पार्टी का मुख्य हथियार होता है। असल में कमरे में हाथी एक ऐसी समस्या है, जिसके बारे में हर कोई जानता है, लेकिन किसी भी पार्टी-खोर नेता को इसे स्वीकार नहीं करनी चाहिए। जिस तरह से कमरे में बंधा हुआ हाथी हर किसी अंधे को नजर आ जाता है, लेकिन फिर भी इसे अस्वीकार कर देना चाहिए। जैसे- दिल्ली की जल समस्या इसलिए है, क्योंकि अमेरिका उनके हिस्से का पानी नहीं दे रहा है- अपने कुत्ते को नहलाते हुए दिल्ली की जल समस्या पर एक नेता का बयान।

**मंत्र 2. हवा में गोली मारो, अड़े रहो यारों**

राजनीति खेलनी है, तो बस बातें मारते रहिए। हवा में गोली मारते रहिए और मारी गई गोली पर अड़े रहिए। खड़े रहिए, बल्कि इस बात के बीच में पड़े रहिए! बातचीत करना, छोटी-छोटी बातें करना, बिना किसी गंभीर विषय के लक्ष्य हीन बातें करते रहना चाहिए। जैसे- हमने देखा कि ईवीएम मशीन को करंट मार कर अपनी तरफ वोट खींचने के लिए, जीती हुई पार्टी के अध्यक्ष जी रात को 12 बजे तक मशान में मंत्र बोल रहे थे- चालू चुनाव में हारी हुई पार्टी के नेता का बयान।

**मंत्र 3. अपना पैर पालो, अपने मुंह में डालो**

याद रखो दोस्तों! जिंदगी में कुर्सी है, तो सब कुछ है। इसके लिए जब आप अपना पैर अपने मुंह में रखते हैं; तो आप शर्मनाक, अनुचित व व्यवहार हीन कार्यक्रम कर सकते हैं। राजनीति में बॉस बनने के लिए यही सब कुछ करते रहना चाहिए। जैसे- कुर्सी चंद ने जेल जाने के लिए थानेदार को 4 लाख रुपए की रिश्वत दी- वोटरों से दया, अपनत्व और हमदर्दी पाने के लिए किया गया नाटक।

**मंत्र 4. गलत पेड़ पे भोंको, बिल्कुल मत चौंको**

अपनी गलतियों पर बिल्कुल ध्यान मत दो। अपनी गलतियों का दूसरों पर इल्जाम दो। बिल्कुल कुत्ते की माफिक भोंकते रहो। आप गलत हैं, मगर अपनी गलती दूसरों के माथे ही मंढ़ दो। पॉलिटिकल गेम में यही मंत्र सबसे बड़ा मंत्र होता है। जैसे- विरोधी पार्टी की रैलियों में इतनी भीड़ आई कि इन लोगों ने सारी भीड़ को रुपए दे दे के खरीदा है। हमारी पार्टी की रैलियों में इतनी भीड़ नहीं आई, क्योंकि विरोधी पार्टी के लोगों ने इंदर राजा को रिश्वत देकर घनघोर बारिश करवा दी- चुनाव की रैलियां में विरोधी पार्टी के बारे में आलाकमान का बयान।

**मंत्र 5. नाक कटी पर, घी-गुड़ चटी**

दोस्तों यह मंत्र पॉलीटिकल सफलता के मामले में सबसे प्रसिद्ध मंत्र रहा है। इसके अनुसार नाक उर्फ इज्जत का कभी भी ख्याल नहीं करना चाहिए। नाक भले ही दिन में 50 बार कट जाए। मतलब इज्जत हर पल 1000 बार घट जाए, तो भी कोई परवाह न करें। बस हमेशा घी-गुड़ चाटते रहें। भ्रष्टाचार करते रहें। कुर्सी के पाए को मजबूती से जकड़े रहें।

## विचार

# प्रकृति को ओढ़ाते हरियाली की शाल,

डॉ. सत्यवान सौरभ

**प्रकृति को ओढ़ाते हरियाली की शाल, पर्यावरण प्रेमी शिक्षक राजबीर बेनीवाल**

(प्रकृति से प्रेम व संरक्षण की दिशा में काम करने वालों के बहुत से उदाहरण मिल जाएंगे, मगर पेड़-पौधों को बचाने के लिए जीवन समर्पित करने वाला शायद ही कहीं देखने को मिले। यहां बात हो रही है भिवानी के सिवानी में रहने वाले 49 वर्षीय शिक्षक राजबीर बेनीवाल की। महज 10 साल की उम्र से प्रकृति प्रेम में कुछ इस तरह रमे कि शिक्षक राजबीर बेनीवाल आज 'मास्टर राजबीर पर्यावरण प्रहरी और प्रेमी' के रूप में विख्यात हैं। अब तक वह हजारों की संख्या में पेड़ लगा चुके हैं। जहां पदस्थ होते हैं, वहां पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल और आस पास के क्षेत्र में इतने पेड़ लगाते हैं कि आबोहवा बदल जाती है।)

शिक्षक का ओहदा हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है, जब वह छात्रों को प्रकृति के ऐसा जागरुक करे कि पूरा क्षेत्र ही हरियाली की चादर ओढ़ ले तो उसका स्थान अलग ही हो जाता है। आज हम आपकों बताएंगे हरियाणा के भिवानी जिले के उपमंडल सिवानी के एक शिक्षक के बारे में जिनके पर्यावरण प्रेम ने छात्रों को इनता प्रोत्साहित किया कि क्षेत्र ने हरियाली की चादर ओढ़ ली। उनकी पर्यावरण की शिक्षा का ऐसा असर हुआ कि नगर के हजारों विद्यार्थी आज पर्यावरण के प्रति जागरुक हो रहे हैं। इतना ही नहीं ये अपने शिक्षक कर्तव्य के साथ भी मन से न्याय कर रहे है तभी इनके कठिन विषय इतिहास में स्कूल के बच्चे टॉपर रहे है और शत प्रतिशत परिणाम हासिल करते हैं। इनकी खास बात ये भी है कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम के बच्चों को पढ़ाते है। बिना प्रायोगिक विषयों में इनके छात्रों का शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त करना कोई जादू नहीं इनकी अथाह मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

**विद्यालय में शिक्षकों का मिला सहयोग**

सिवानी के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में पदस्थ शिक्षक राजबीर बेनीवाल (इतिहास प्रवक्ता) के पर्यावरण प्रेम ने नगर सहित पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। ये विद्यार्थियों के साथ वृहद स्तर पर पौधारोपण कर रहे हैं। बचपन से ही प्रकृति के प्रति राजबीर जी के बढ़ते तापमान और घट रही हरियाली के प्रति चिंतन को माता जी ने समझा और उन्हे पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। फिलहाल मास्टर राजबीर पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर पालिका के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिसका लाभ शहरवासियों को मिल रहा है। ये आज नगरपालिका सिवानी के स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर है। राजकीय मॉडल विद्यालय सिवानी में पदस्थापना के बाद इन्हें प्रिंसिपल सुरेश कुमार और सभी अध्यापकों सहित सुबेसिंह और पूनमचंद बड़वा का विशेष सहयोग मिला, विद्यालय परिसर में ही इसकी शुरूआत हुई, परिसर में पौधारोपण के बाद स्कूल के चारों ओर तथा स्कूल के सामने मार्ग के दोनों ओर वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया। शहर की विभिन्न सड़कों के साथ-साथ श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल, बिश्नोई मंदिर और नगर की श्मशान भूमियाँ जहाँ हरियाली नहीं थी, जैसे विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया।

**पर्यावरण प्रहरी नामक महाअभियान**

शिक्षक राजबीर बेनीवाल के पर्यावरण प्रेम ने धीरे-धीरे सभी का ध्यान खींचा। उनके पर्यावरण प्रहरी नामक महाअभियान से अब नगर के सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों सहित प्रकृति प्रेमी जुड५२ लगे। लोगों के जुड़ाव का ही यह परिणाम है कि नगर से लगभग 7-7 किलोमीटर दूर तक हजारों पौधों का लक्ष्य रखकर वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। सिवानी का पर्यावरण प्रहरी आज अभियान बन गया है। मास्टर राजबीर ने नियमित रूप से खुद के खर्च से खुद ही बीज या कलम से पौधे तैयार करके आते-जाते रास्ते में लगाने शुरू कर दिए। साथ-साथ निशुल्क लोगों को वितरित भी करते रहे। इसी प्रक्रिया को मास्टर राजबीर ने लगातार जारी रखा। राजबीर जी बताते हैं, शिक्षा विभाग में रहते हुए बार-बार स्थानान्तरण के चलते मुझे कई गांवों में सेवा का मौका मिला। इस दौरान मुझे प्रकृति के कई रूप देखने को मिले और मेरे प्रकृति प्रेम को जुनून में तब्दील होते देर नहीं लगी।'


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अमेठी चुनाव परिणाम : अहंकार के मुंह पर तमाचा

निर्मल रानी

**18 वीं** लोकसभा के लिये जनादेश 2024 आ चुका है। ताजा सूचनाओं के अनुसार नरेंद्र मोदी सरकार मंत्रिमंडल के जिन 52 केंद्रीय मंत्रियों ने लोकसभा चुनाव का चुनाव लड़ा था चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार उन 52 केंद्रीय मंत्रियों में से 20 मंत्री चुनाव हार गए हैं। पराजित मंत्रियों में एक नाम केंद्रीय महिला एवं बल विकास मंत्री एवं अमेठी से सांसद रही स्मृति ईरानी का भी है। पूरे देश की नजर अमेठी संसदीय क्षेत्र पर थी क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इसी सीट से स्मृति ईरानी ने ही कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को लगभग 55 हजार मतों से पराजित कर अपना कद ऊँचा किया था। और 2019 की इसी अमेठी विजय के साथ ही उनका बड़बोलापन व अहंकार चौथे आसमान पर पहुँच गया था। हालांकि बाद में राहुल वायनाड से सांसद बनकर पुनः संसद में पहुँच गये थे। परन्तु 2019 की अमेठी फतेह से उत्साहित स्मृति ईरानी स्वयं को राहुल गाँधी को न केवल बार बार चुनौती देते बल्कि कई बार उन्हें व उनके परिवार को भी अपने झूठ व अहंकार पूर्ण शब्दों से अपमानित करती सुनाई दीं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी की नजरें अमेठी सीट पर इसलिये भी टिकी थीं कि देखें इस बार कांग्रेस अमेठी से राहुल गाँधी को पुनः चुनाव मैदान में उतारकर 2019 जैसी चुनावी टक्कर को दोहराती है या नहीं। परन्तु इस बार राहुल गांधी ने जहां अमेठी के साथ लगती अपने परिवार की पुश्तैनी व पारंपरिक सीट रायबरेली से चुनाव लड़ा वहीं अमेठी से स्मृति ईरानी के मुकाबले अपने 40 वर्षों के पारिवारिक विश्वासपात्र तथा अमेठी व रायबरेली में राजीव गाँधी से लेकर सोनिया गांधी तक के सहयोगी,कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारकर पूरे देश को हैरत में डाल दिया।

चुनाव प्रचार के शुरूआती दौर में लोग यही समझ रहे थे कि कांग्रेस ने स्मृति ईरानी के सामने किशोरी लाल शर्मा को यही सोचकर मैदान में उतारा है कि यदि वे हार भी गये तो कम से कम कांग्रेस को वह अपमान नहीं सहना पड़ेगा जो राहुल को अमेठी से पुनः लड़वाने व संभवतः पुनः पराजित होने से सहना पड़ेगा। परन्तु अमेठी के मतदाताओं ने तो हर कीमत पर स्मृति ईरानी के गुरूर व घमंड को चकनाचूर करने के साथ ही 2019 में राहुल गाँधी को यहाँ से हराने के लिये पश्चात्ताप करने के लिये कमर कस ली थी।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियर कैसे बनें

विजय गर्ग

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस (एआई) एक तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है जिसमें विभिन्न उद्योगों को बदलने और हमारे रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाने की असीमित क्षमता है। यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं जो प्रौद्योगिकियों और समस्या-समाधान से आकर्षित हैं, तो एआई इंजीनियर के रूप में करियर शुरू करना एक रोमांचक और फायदेमंद विकल्प हो सकता है। चूंकि आप इस क्षेत्र में नए हैं, इसलिए आपको एआई शब्द और एआई इंजीनियरिंग को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इसके बारे में स्पष्ट नहीं होना चाहिए। इसीलिए हम आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वह सभी जानकारी प्रदान कर-के आपकी सहायता करने के लिए यहां हैं जो आप चाहते हैं। एआई क्या है और 2024 में 12वीं के बाद एआई इंजीनियर कैसे बनें, इस पर संपूर्ण गाइड देखें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्या है? एआई के जनक जॉन एमसी कैर्थी के अनुसार, "बुद्धिमान मशीनें, विशेष रूप से बुद्धिमान कंप्यूटर प्रोग्राम बनाने का विज्ञान और इंजीनियरिंग"। एआई क्या है? ऐआई शब्द दो शब्दों त्रआर्टिफिशियल (ए) + इंटेलिजेंस (आई)त्न से मिलकर बना है। ऐ शब्द का अर्थ "मानव निर्मित" है और आई का अर्थ "सोचने की शक्ति" है, और जब हम ऐआई को जोड़ते हैं तो इसका अर्थ "मानव निर्मित सोच शक्ति" होता है। यह कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जिसमें हम बुद्धिमान मशीनें बना सकते हैं जो इंसानों की तरह व्यवहार करती हैं, इंसानों की तरह सोचती हैं और निर्णय लेती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर सिस्टम की मानव व्यवहार की नकल करने की क्षमता को संदर्भित करता है। एआई क्षमताओं वाली मशीनें पिछले डेटा और कार्यों से सीख सकती हैं, सुधार कर सकती हैं और मानव जैसे कार्य कर सकती हैं। एआई के प्रकार ऐआई के दो मुख्य प्रकार हैं: नैरो ऐआई और जनरल ऐआई। नैरो एआई, जिसे कमजोर एआई के रूप में भी जाना जाता है, विशिष्ट कार्यों को करने के लिए डिजाइन किया गया है और उन क्षेत्रों में अत्यधिक कुशल है। उदाहरणः वाक पहचान प्रणालियाँ वाक से संबंधित केवल एक ही कार्य कर सकती हैं और छवि पहचान प्रणालियाँ केवल छवियों से संबंधित संकेत पर ही कार्य कर सकती हैं।

## न्यूज फ्लैश


### गुरुग्रामः फर्जी पुलिस अधिकारी बन ठगी करने वालों के बैंक खाते को कराया फ्रीज

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम**: फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग आदि में संलिप्तता का भय दिखाते थे। वीडियो कॉल के माध्यम से ठगी करते थे। ऐसे गिरोह पर कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम पुलिस ने इन ठगों के बैंक खातों को फ्रीज कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके ठगों के व उनके सम्बन्धित बैंक खातों में 100 प्रतिशत फ्रॉड की रकम को फ्रीज करा दिया है। बीती 29 मई 2024 को एमएचए शिकायत पोर्टल के माध्यम से पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक शिकायत मिली थी। जिस पर महिला शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह सेक्टर-23 गुरुग्राम में रहती है। 14 मई 2024 को उसके मोबाईल नम्बर पर एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने उसे बताया कि उसके नाम पर एक पार्सल है, जिसमें अवैध सामान है। उसे कस्टम डिपार्टमेंट वालों ने पकड़ा है। उसके बाद कॉल मुम्बई पुलिस में कॉल ट्रांसफर कर दी। पहले इससे (शिकायतकर्ता महिला) फोन ने बात की। फिर स्काईप के माध्यम से वीडियो कॉल करके उसे बताया गया कि उसका आधार कार्ड की कई मनी लॉन्ड्रिंग इत्यादि के केसों में संलिप्तता है। एसको मनी लॉन्ड्रिंग का भय दिखाया और आगे की इन्वेस्टीगेशन के लिए सिक्योरिटी के नाम पर उसके बैंक खाते से लगभग 1 लाख 13 हजार रुपये धोखे से ट्रांसफर करवा लिए। इस शिकायत पर थाना साईबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। पीड़िता को डराकर उसके बैंक खाते से ठगों द्वारा जिस बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर कराए गए थे, उस बैंक खाते की तथा उसके उपरांत उस बैंक खाते से अन्य बैंक खाते में हुई ट्रांजेक्शन की जानकारी एकत्रित कर गई। तकनीकी सहायता से उन सभी बैंक खातों में पुलिस टीम द्वारा शिकयतकर्ता के 1.13 हजार रुपए फ्रीज कराए। पुलिस इस मामले में और भी तहकीकात कर रही है।

### सिमरन चौधरी की लेटेस्ट रिलीज 'चोरी' ने प्यार की कहानी के साथ भावनाओं को जाग्रत किया

**नई दिल्ली।** सिमरन चौधरी अपने नए सिंगल चोरी के साथ भारतीय पॉप म्यूजिक में हलचल मचा रही हैं। गोपनीय प्यार का रोमांच पेश करते हुए यह ट्रैक श्रोताओं को वासना और प्रलोभन की एक मधुर यात्रा पर ले जा रहा है। अपनी हृदयस्पर्शी मीठी धुन के साथ चोरी का ट्रैक पूरे विश्व के श्रोताओं के दिल में उतर जाएगा। सिमरन की अलौकिक आवाज और राजा` मीठे बोलों के साथ इस ट्रैक का संगीत सिमरन और राजा ने मिलकर दिया है, और एडेन ने इसके साउंडस्केप का निर्माण किया है। इस ट्रैक की खट्टी-मीठी मैलोडी और नाजुक संरचना सिमरन द्वारा कहानी कहने की कला को निखार कर लाती है, और एक ऐसे अनुभव का निर्माण करती है, जो अंतरग होने के साथ शक्तिशाली भी है। फोल्किन रानी ईपी और नी भाबी के लिए काफी सराहना बटोरने के बाद सिमरन चोरी के हर छंद में छिपे हुए रोमांस की जीवंत कल्पना का चित्रण कर रही हैं, जिसमें समय की गति स्थिर हो जाती है। यह एक ऐसा गीत है, जो खत्म होने के बाद भी आपकी स्मृति में लंबे समय तक बना रहेगा। इस गीत के रिलीज के लिए उत्साहित सिंगर-परफॉर्मर सिमरन चौधरी ने कहा, छिपे हुए प्यार का रोमांच हर कोई अनुभव कर चुका है। यह बिल्कुल अलग तरह से होता है, और चोरी में इसी का चित्रण है। इस ट्रैक में उन जादुई क्षणों को पेश किया गया है, जो दुनिया से छिपे हुए हैं, पर उनका अनुभव बहुत गहराई से होता है। इस गीत के निर्माण का सफर बहुत गहरा और भावनापूर्ण था। अभिव्यक्तिपूर्ण और लोकसंगीत से प्रेरित तत्वों के साथ इस ट्रैक में मैंने एक नया आकर्षक सफर शुरू किया है, और संगीत के नए क्षेत्रों में उतरकर इनोवेटिव साउंड्स के साथ प्रयोग किया है। मुझे उम्मीद है कि श्रोता भी वही रोमांच और तीव्रता महसूस करेंगे, जो यह गीत बनाते हुए मुझे महसूस हुआ।




### पूर्व सीएम मनोहर लाल को 80634 वोट हासिल हुए

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**राजनीतिक** अनुभव के सामने 31 साल का युवा जोश समालखा में भी बोना साबित हुआ। समालखा विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के दौरान कुल 151229 वोट डाले गए जिनमे से पूर्व सीएम एवं भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को 80634 वोट हासिल हुए जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा को 62297 मत पड़े इस प्रकार भाजपा के मनोहर लाल खट्टर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के युवा नेता दिव्यांशु बुद्धि राजा को 18337 मतों से पराजित करने में सफलता प्राप्त की। साढ़े नौ साल तक प्रदेश के सीएम रहे मनोहर लाल के सामने करनाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा दिव्यांशु बुद्धि राजा को प्रत्याशी बनाया गया तो उन्हें कमजोर प्रत्याशी माना जा रहा था।

# आमजन को साइबर अपराधों की जानकारी देकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा बुधवार को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को साइबर अपराध व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

जिला में साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक श्री सतीश गौतम ने बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। खुद को ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी जागरूकता व सतर्कता है। किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग।



**इंटरनेट व सोशल वेबसाइट के प्रयोग में बरते सावधानी;** उन्होंने बताया कि अक्सर इंटरनेट यूजर को ऐसे ईमेल और मैसेज आते रहते हैं, जिन पर अनजान लिंक मौजूद होते हैं। ऐसे मे हमें इन ईमेल और मैसेज से सावधान रहना चाहिए और हमें इन ईमेल और मैसेज मे मौजूद अनजान लिंक पर कभी भी क्लिक नहीं करना चाहिए। कभी भी किसी भी वेबसाइट को विजिट करते समय सबसे पहले एचटीटीपीएस पर ध्यान देना चाहिए।

अगर वेबसाइट के लिंक में एचटीटीपीएस के बजाय एचटीटीपी हैं तो हमें ऐसे वेबसाइट पर नहीं जाना चाहिए और अनजान वेबसाइट पर हमें भूलकर भी लॉगिन नहीं करना चाहिए। जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का बेहतर उपाय है। अपने संगे संबंधि व साथियों को भी जानकारी देकर जागरूक करें।

## मनोहर लाल की यह जीत एक ऐतिहासिक जीत हैः जौन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर की भारी मतों से जीत की खुशी में आज बिशन सरुप कॉलोनी स्थित में एक्सीलेंट अकैडमी की डायरेक्टर ज्योति अरोड़ा व सभी स्टाफ द्वारा लड्डू बांटकर व मीठे ठंडे पानी की छबील लगाकर जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पानीपत ग्रामीण हलके के भाजपा नेता विजय जैन ने कहा है कि मनोहर लाल खट्टर की यह जीत एक ऐतिहासिक जीत है और हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। वहीं आज विजय जैन की शादी की सालगिरह पर अकैडमी में उनके हाथों से केक भी कटवाया गया तथा उन्हें शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, अशोक मेहता, शुभम वर्मा, अनुज शर्मा, प्रिंस शर्मा, मनु शर्मा, वंश चुघ, हिमांशु शर्मा, मानव गुलाटी, राजेश गुलाटी, आर्यन, काजल झांब, सीमा अरोड़ा, अजय, शांति, रिया शर्मा, पंकज शर्मा, बलदेव अरोड़ा हनुमान आदि मौजूद रहे।

### बस ड्राइवर का अपहरण, बेटे की शिकायत पर 8 के खिलाफ मुकदमा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवलः** पलवल में कार सवार युवकों ने एक व्यक्ति का अपहरण करने का मामला बुधवार को सामने आया है। वह बस लेकर सवारी लेने के लिए जा रहा था। सूचना के बाद उसका बेटा मौके पर पहुंचा, तो बस मौके पर खड़ी मिली, उसका पिता गायब था। सिटी थाना पुलिस ने एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल व्यक्ति का सुराग नहीं लगा है। मिली जानकारी के अनुसार घोड़ी गांव निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके 52 वर्षीय पिता धारा सिंह ड्राइवर की नौकरी करते हैं।

# नीट व जे.इ. इ. मैन 2024 में छाया अक्षज

**बधाई**

**प्रधानाचार्य डॉक्टर उपासना त्यागी ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिठाई खिलाकर अथर्व त्यागी को बधाई दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

नीट व जे.इ. इ. मैंन 2024 में अक्षज इंटरनेशनल स्कूल बापौली के

छात्र अथर्व त्यागी ने 720 में से 665 अंक प्राप्त स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है स्कूल डायरेक्टर सतीश त्यागी व प्रधानाचार्य डॉक्टर उपासना त्यागी ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिठाई खिलाकर अथर्व त्यागी को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की !

प्रधानाचार्य डॉक्टर उपासना त्यागी ने बताया कि नीट 2024 व जे.इ. इ. मैंन 2024 में अक्षज इंटरनेशनल स्कूल बापौली के छात्र अथर्व त्यागी ने 720 में से 665 अंक प्राप्त किये व कुछ दिन पहले आये जे.इ. इ. मैंन 2024 के रिजल्ट में 98.7 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम प्रयास में ही अपना उत्कृष्ट परिणाम दिया। आज अक्षज परिवार अपने होनहार छात्र का गौरवशाली परिणाम देखकर फुला न समाया। बच्चे की दिन रात की मेहनत व अध्यापकों से प्राप्त ज्ञान के समायोजन को सफलता के रूप में उद्धत हुआ देखकर पूरे अक्षज परिवार को आनंद की अनुभूति हुई व सभी ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस खुशी के अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या डॉ उपासना त्यागी ने सभी शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी का मुँह मीठा करवाया। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर सतीश त्यागी, मैनेजमेंट सदस्य संजय रावल, अमित कुमार, दिनेश, सुरेन्द्र अरोड़ा, स्टाफ में अनिल दुआ, मोनिका सैनी, परवीन शर्मा , ललित रावल व अन्य मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया जागरूक

**पानीपत/कमाल हुसैन**

ग्रामीण क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर कई जगह जागरूकता कार्यक्रम हुए । सरस्वती रामलीला समिति, युवा मंडल सनौली के सदस्यों के साथ पर्यावरण बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। समाजसेवी संस्था ग्राम सुधार युवा मंडल एवं सदभावना युवती मंडल सनौली खुर्द एवं नेहरू युवा केन्द्र पानीपत खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र पर छात्राओं ने पर्यावरण बचाव पर मॉडल बनाया और पौधारोपण किया । इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय सेवा कर्मी शिवानी त्यागी, प्रभा शर्मा ने पर्यावरण बचाव के लिए आगे आने का आहावान किया। और उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण वर्तमान मे एक मुखय विषय है। जिस पर सभी को गंभीरता से विचार करना होगा। आज अनेक कारणों से पर्यावरण दूषित हो रहा है। जो हमारे स्वास्थय के लिए बहुत नुक्शानदायक है। इसलिए हम सबका यह कर्तव्य है कि हम पर्यावरण को दूषित होने से रोके। इस पर सरपंच संजय त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से रोकने के लिए सबसे जरूरी है कि हम सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाए। क्योंकि जितने ज्यादा पेड़ होगे उतना की पर्यावरण कम दूषित होगा। इस साथ ही सभी को दो-दो पेड़ लगाना का संकल्प लिया। इन सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर समाानित किया गया।

# पीआरपीसी ने विश्व पर्यावरण दिवस उद्देश्यपूर्ण ढंग से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विश्व** पर्यावरण दिवस के अंतर्गत वर्ष-202४ के विषय भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण एवं सूखा प्रतिरोध को केन्द्रित करते हुए तथा साथ ही इंडियन ऑयल की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए आज पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन बड़े उत्साहपूर्वक एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत एम एल डहरिया कार्यकारी निदेशक एव रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा पीआरपीसी के सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाने के साथ हुई। इसके बाद मुकुल अग्रवाल, सीजीएम (पीयू एंड आईटी) और सुधांशु शेखर, सीजीएम (तकनीकी), ने क्रमशः एस एम वैद्य, चेयरमैन, और सेंथिल कुमार एन, निदेशक (पाइपलाइनस ) एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक (रिफाइनरी) के संदेशों को पढ़कर उनके विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन मे, डहरीया ने विशेष रूप से विश्व पर्यावरण के थीम पर तथा कार्बन उत्सर्जन कम करने एवं जल संरक्षण हेतु पीआरपीसी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होने पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता को दोहराया तथा उपस्थित लोगों को पीआरपीसी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत रूप से पर्यावरण संरक्षण मे अपना भरपूर योगदान देना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए ताकि हम आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण दे सकें। विदित है कि पीआरपीसी अपने स्थापना काल से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति काफी सजग है और पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा हरसंभव प्रयास करती रहती है । इसी क्रम मे पीआरपीसी में 2-जी एवं 3-जी बायो इथेनॉल परियोजना स्थापित की है।



# ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए पौधे बांटने की नई पहल की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

पानीपत के अतिरिक्त उपायुक्त डॉ पंकज के दिशा निदेर्शों व समाज कल्याणकारी योजनाओं के तहत डॉ नवीन नैन भालसी व पूरी टीम के साथ गंगा फिलिगं स्टेशन भालसी (मडलौडा) में ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए पौधे बाँटने की नई पहल को शुरूआत किया गया। इस दौरान डॉ पंकज ने बताया कि आज के समय में हर सामाजिक जीवन जीने वाले लोगों से अपिल कि है हर व्यक्ति 10-10 पौधे जरूर लगाए ताकि इस ग्लोबल वार्मिंग को कन्ट्रोल किया जाए। इस दौरान डॉ वन विभाग के पानीपत रेंनजर अधिकारी जय किशन बांगड ने पौधे लगाने की मुहिम की बहुत सराहनीय कदम बताया व पौधे लगाने के लिए हर व्यक्ति को आगे आने के लिए जरूर बताया।

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज के समय में लोगों ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए इतने एयर कडिशनर,रेफ्रीजरेटर व मशीनरी को बढ़ावा दे दिया जिससे ग्लोबल वार्मिंग व गर्मी इतनी ज्यादा बढ़ गई जिससे हीट स्ट्रोक होकर कई जगय लोग मर भी चुके है।



### नशीली गोलियां लेकर जा रहा युवक पकड़ा

**हिसार। जिले के** कस्बा नारनौंद में खांडा मोड़ के पास जींद रोड पर एंटी नारकोटिक सेल हांसी की टीम ने एक युवक के पास से 5840 नशीली गलियां बरामद की है। नारनौंद पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ स दर्ज कर लिया है। टीम ने उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक सैल हांसी के सब इंस्पेक्टर जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक जींद से नारनौंद की तरफ नशीली दवाइयां लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने शहर के जींद रोड पर नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद जींद की तरफ से एक युवक अपने हाथ में काले रंग का पोलिथीन लिए हुऐ पैदल आता दिखाई दिया।

# अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगाः कौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन** जी.टी.रोड स्थित आई.बी. स्नातकोतर महाविद्यालय में भारत विकास परिषद के सहयोग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मेयर अवनीत कौर महाविधालय के प्रबंधन समिति के महासचिव एल.एन.मिगलानी, सदस्य युधिष्टर मिगलानी एवं रवि गोसाई , प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, भारत विकास परिषद (पानीपत शाखा) से जगदीश जैन (प्रांतीय सामाजसेवी व संरक्षक, हरियाणा मध्य प्रांत), परवीन गुप्ता (प्रांत अध्यक्ष), योगेश गोयल (उपाध्यक्ष, हरियाणा मध्य) शिव कुमार मित्तल ( ज़िला समन्वयक), दीपिका सिंगला ( प्रांतीय महिला सह-संयोजिका), दीपिका गर्ग (अध्यक्ष) के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरूआत हुई। इस दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है और प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित किया जाता हैइस साल विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम है। इस थीम का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित हैइसी के तहत आज हमारे महाविद्यालय में भारत विकास परिषद के द्वारा पर्यावरण जागरूकता के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसी के साथ-साथ कुछ जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा पर्यावरण दिवस लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस हमें पर्यावरण के प्रति हमारे कर्तव्यों को याद दिलाकर हमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए अभिप्रेरित करता है।



# एनएसएस स्वयंसेवकों ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत,कमाल हुसैन**

**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को पर्यावरण जागरूकता और ह्यपेड़ लगायें पर्यावरण को बचाएंह्ल के उदेश्य के भाव के साथ मनाया । कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग ने की । इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और इसकी सुरक्षा को लेकर सेमीनार का आयोजन किया गया जिसे प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने संबोधित किया । विदित रहे कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का थीम ह्यभूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलताह्ल है । युवाओं में पर्यावरण बचाने की अलख जगाने हेतू और उन्हें संवेदनशील नागरिक बनाने के उद्देश्य से कॉलेज प्रांगण में मेगा वृक्षारोपण ड्राइव भी चलाई गई जिसमे विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे स्वयंसेवकों ने अपने घर और आस-पास लगाये । तत्पश्चात पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय ह्यपेड़ लगायें, पर्यावरण को बचाएँह्ल रहा और इसमें छात्र सौरभ ने प्रथम स्थान हासिल किया । दूसरा स्थान पूजा को और तीसरा स्थान अर्पिता ने हासिल किया । हाथ में बैनर और पलाकार्ड्स उठाये हुए एनएसएस कार्यकताओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली और ह्यजिस दिन पृथ्वी में पर्यावरण नहीं होगा, उस दिन पृथ्वी में जीवन भी नहीं होगाह्ल, ह्यजहाँ न पेड़-पौधे हैं, न चिड़िया है, न हरियाली है, वहाँ जीवन केवल एक बोझ हैह्ल, ह्यजब तक मानव अपना कर्तव्य नहीं समझेगा, तब तक पर्यावरण पर खतरा मंडराता हीं रहेगाह्ल जैसे नारों से कॉलेज में सम्पूर्ण माहौल पर्यावरण को लेकर संजीदा नजर आया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पर्यावरण को बचाने और पदों को लगाने की शपथ सभी एनएसएस कार्यकताओं और स्टाफ सदस्यों को दिलाई ।

दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने कहा कि हमें अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित करने का तथा उसे जीवन के अनुकूल बनाए रखने का प्रयास निरंतर करना होगा । पर्यावरण और प्राणी एक दूसरे पर आश्रित हैं और यही कारण है कि भारतीय चिन्तन में पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा उतनी ही प्राचीन है जितना यहाँ की मानव जाति का इतिहास है । पर्यावरण संरक्षण का समस्त प्राणियों के जीवन तथा इस धरती के समस्त प्राकृतिक परिवेश से घनिष्ठ सम्बन्ध है । बढ़ते प्रदूषण के कारण सारी पृथ्वी दूषित हो रही है और यदि इसे अब भी रोका न गया तो उन्हें भविष्य में मानव सभ्यता का अंत होता दिखाई दे रहा है । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति सभी की चेतना को जागृत करना है । अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस प्रति वर्ष 5 जून को मनाया जाता है और इसे पहली बार संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में 5 जून 1974 को मनाया गया । इसके बाद से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस को मनाया जा रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के मन में पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति चेतना को जागृत करना है।

अगर हमने पर्यावरण में संतुलन बनाए रखा होता और इसका अर्थहीन दोहन न किया होता तो शायद कोरोना और अन्य महामारियों के हालात धरती पर न पैदा हुए होते।




# इंडिया गठबंधन की जीत पर लड्डू बांटकर मनाई खुशी

**जश्न**

**ये लोकतंत्र की जीत है बुराई पर अच्छाई की जीत है और असत्य पर सत्य की जीत है : छौक्कर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहकम सिंह छौक्कर ने इंडिया गठबंधन के सभी विजयी उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करने पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई। मोहकम छौक्कर ने कहा कि ये लोकतंत्र की जीत है बुराई पर अच्छाई की जीत है और असत्य पर सत्य की जीत है। बीजेपी सरकार ने जनता की भावनाओ से खिलवाड़ किया था और जनता ने अच्छा जबाब दिया। इस मौके टेक राम दहिया, रमेश जागलान,वजीर, सतबीर गाहल्याण, राजबीर जागलान, रमेश कुमार,बलवान सिंह, रणधीर,मास्टर ब्रहमपाल रावल, ईश्वर सिंह, कुलदीप, अमित आदि मौजूद रहें।



# कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने की जीत हासिल

## भाजपा प्रत्याशी को मिले 5 लाख 42 हजार 175 वोट, दूसरे नंबर पर रहे आप प्रत्याशी को मिले 5 लाख 13 हजार 154 वोट, कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न, जिला निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित सांसद नवीन जिंदल को सौंपा प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र जिला में मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुआ। कुरुक्षेत्र जिला में मतगणना केंद्रों पर थ्री-टियर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल को 29 हजार 21 वोटों से विजयी घोषित किया गया है। अहम पहलू यह है कि भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को कुल 5 लाख 42 हजार 175 वोट मिले है।

मंगलवार को देर सायं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनाए गए मतगणना केंद्र में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक डा. माधवी खोड़े चवरे व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने नवनिर्वाचित सांसद नवीन जिंदल को प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय

**जीत दर्ज की**

**▶▶ जिला कुरुक्षेत्र जिला में मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुआ**

राज्य मंत्री सुभाष सुधा, नवनिर्वाचित सांसद की धर्मपत्नी शालू जिंदल, भाजपा नेता वेदपाल, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी भी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख 94 हजार 300 मतदाता है। कुरुक्षेत्र लोकसभा में 12 लाख 2 हजार 413 वैध और 3459 पोस्टल बैलेट मतों की मतगणना की गई। उन्होंने बताया कि इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार अभय सिंह को 78 हजार 708, भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को 5 लाख 42 हजार 175, आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डा.



सुशील गुप्ता को 5 लाख 13 हजार 154, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार दीपक मेहरा को 20944, जजपा के उम्मीदवार पाला राम को 6182, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (एकलव्य) के सतबीर को 3263, शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के खजान सिंह को 2859, एकम सनातन भारत दल के महावीर सिंह को 2783, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के इंद्रजीत काम्बोज को 2113, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के ओम प्रकाश को 1812, समता पार्टी के नरेश कुमार को 1032, लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी के सतनाम को 1066, राष्ट्रीय गरीब दल के प्रदीप सैनी को 960 वोट मिले है।

उन्होंने कहा कि भारतीय आशा पार्टी के सतीश कुमार को 997, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी के ओम प्रकाश इंदल को 678, आजाद उम्मीदवारों में अनिल उपाध्याय को 2056, अश्वनी शर्मा हरितवाल को 2029, फूल सिंह को 626, वरूण गुप्ता को 1134, जयप्रकाश शर्मा को 1154, जय कुमार सैनी को 8093, पताशो देवी को 1379, रमेश चंद्र खटकर को 717, अमित मलिक को 1506, सेवा सिंह को 718, महेश चंद को 1340, मंगत राम को 509, रामदिया को 556, विशाल कुमार को 715, सुरेन्द्र सिंह को 1599, सन्नी को 576 और नोटा को 3459 वोट मिले है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 2 टेंडर वोट भी डाले गए है। इस दौरान नवनिर्वाचित सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन किए जाने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवीन जिंदल ने अपनी जीत का श्रेय पार्टी कार्यकताओं को दिया, वहीं कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता का भी दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि वे सभी को साथ लेकर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का जो सपना उन्होंने देखा है, उसे वे पूरा करेंगे। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया और कहा कि निरंतर उनका मार्गदर्शन व सहयोग उनको मिलता रहा। इस अवसर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने भी नवीन जिंदल को बधाई देते हुए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया।

# एक महीने में जमा करवाये चुनावी खर्च का ब्यौराः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अम्बाला लोकसभा आम चुनाव- 2024 चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों को अगले एक महीने में चुनावी खर्चा का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून को घोषित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समयावधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

डीसी डॉ. शालीन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार लोकसभा आम चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये प्रति उम्मीदवार तय की गई थी। नियम के अनुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक डायरी में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है और अलग से बैंक खाता भी खुलवाना

**ब्यौरा**

**▶▶ उम्मीदवारों को एक महीने में चुनावी खर्चा का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा**

होता है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना चलती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता है।

उन्होंने बताया कि 4 जून, 2024 को लोकसभा आम चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं, उस तिथि से एक माह के अंदर-अंदर उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का ब्योरा देना अनिवार्य है।

# मुख्यमंत्री सैनी व नवीन जिंदल की जीत पर ग्रामवासी खुशः बलदेव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** लोकसभा चुनाव का परिणाम आने उपरांत जीतने वाले सभी प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने स्तर पर लड्डू बांट कर खूब खुशियां मना रहे हैं। इसी कड़ी में खूबसूरत नजरा कुरुक्षेत्र के निकटवर्ती गांव कैंथला खुर्द में देखने को मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा करनाल से विधानसभा का चुनाव जीतने पर तथा नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र लोकसभा का चुनाव जीतने पर गांव कैंथला खुर्द में सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने पंचायत



सदस्यों एवं ग्रामीणों संग जीत का जश्न मनाया। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी व नवीन जिंदल की जीत पर ग्रामवासी इसलिए ज्यादा खुश हैं की इन दोनों की कार्यशैली को देखा परखा हुआ है । यह दोनों नेता जनता हितैषी काम करने में विश्वास करते हैं और प्रदेश सरकार का यह नारा सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास जनता को रास आ रहा है।

# धर्मनगरी को नशामुक्त बनाना है पुलिस का ध्येयः भोरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि धर्मनगरी को नशामुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। नशे को जड से खत्म करना और नशे से जुडे कारोबारियो को सलाखो के पीछे भेजना पुलिस का मुख्य लक्ष्य है । पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नशा समाज की जडों को खोखला कर रहा है, युवा पीढी नशे की लत में फंस कर अपने भविष्य को खतरे में डाल रही है। युवा देश का भविष्य है, देश के भविष्य को नशे जैसे अंधेरे से बचाना है। आमजन को विशेष रुप से युवाओ को नशे की गर्त में जाने से रोकने के लिए जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर स्कूलो/कालेजो व अन्य शैक्षणिक संस्थानो में जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति नशे की चपेट में आ जाता है तो उसकी पहचान करके नशा मुक्ति केन्द्र के माध्यम से उसे नशे की गिरफ्त से बाहर निकाल कर समाज की मुख्य धारा में जोडने का प्रयास किया जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शशिकांत के मार्ग दर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा ( आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी), आयुष अंबाला के सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम व मुफ्त मेडिकल कैम्प लगाया गया, जिसमें सभी को आयुर्वेदिक दवाइयां मुफ्त दी गई। इस अवसर पर डॉ समिधा शर्मा इंचार्ज आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा, अंबाला ने रैली का आयोजन करवाया व पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. शशिकांत ने बताया कि पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करने के लिए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1972 के स्टॉकहोम सम्मेलन के बाद 1973 में हुई थी। इस दिवस के जरिए पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी जैसी समस्याओं पर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जाता है।

डॉ समिधा ने बताया कि मानव






और पर्यावरण एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। मानव की अच्छी-बुरी आदतें जैसे वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छता रखना भी पर्यावरण को प्रभावित करती है। मानव की बुरी आदतें जैसे पानी दूषित करना, बर्बाद करना, वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती है। जिसका नतीजा बाद में मानव को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करके भुगतना पड़ता है।

# कांग्रेस ने चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन करके जनता का दिल जीता : अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दरअसल कांग्रेस पार्टी ने जनता का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस में विश्वास जताया है, इसका सीधा लाभ हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा सहित देशभर में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अशोक मंगालीवाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनहित की नीतियां बनाई हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस ने अपनी विचारधारा स्पष्ट कर दी। देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की लड़ाई लड़ रही है और जनता को न्याय दिलवाने के लिए प्रयत्नशील है। हिस्सेदारी न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, संवैधानिक न्याय, आर्थिक न्याय, राज्य न्याय, रक्षा न्याय व पर्यावरण न्याय सहित हर तरह के न्याय की कांग्रेस पार्टी प्रबल पक्षधर है। इसलिए कांग्रेस पार्टी हर मोर्चे पर जनता के साथ है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनकल्याणकारी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। मंगालीवाला ने कहा कि वे स्वयं जनकल्याणकारी कार्यों के प्रति कृतसंकल्प हैं। इसलिए गुरु गुरवानंद के आदेशानुसार जन्मभूमि हिसार को कर्मभूमि बनाया है। अब हिसार के विकास के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार व गोसेवा सहित जनहित के कई प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। हिसार के बस स्टैंड, सिविल अस्पताल व राजगुरु मार्केट सहित हिसार के कई क्षेत्रों में पब्लिक शौचालयों का सुधारीकरण व सौंदर्यीकरण अपने स्तर पर करवाया गया है।

# 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगामी 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्याय दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण प्रवीण ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस जो जिला अम्बाला से संबंधित पार्टियां हैं तथा विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने केस



को निपटाना चाहती हैं तो वे 28 जुलाई से पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चैक बाउंस मामले (सेक्शन-138 एन.आई. एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले (मोटर दुर्घटना क्लेम), उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं अपराधिक), धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले, अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे।

# मोक्ष वृद्धाश्रम में पौधे लगाकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**हिसार :** बुजुर्गों की सेवा व सामाजिक सरोकार से जुड़े मोक्ष वृद्धाश्रम के परिसर में पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर, प्रधान विजय भृगु व बुजुर्गों ने पीपल व नीम के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर सभी पौधों की समुचित देखभाल का संकल्प भी बुजुर्गों ने लिया। इस अवसर पर संरक्षक पंकज संधीर ने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम व महिलाओं के मंदबुद्धि आश्रम परिसर में काफी पौधे पहले से लगाए हुए हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर पीपल व नीम के पौधे लगाए गए।

# सैलजा की जीत पर कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने बांटे लड्डू

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार :** सिरसा लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा की ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने प्रसन्नता व्यक्त की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हिसार बार एसोसिएशन में लड्डू बांटकर खुशी जताई। इस अवसर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि जनता ने खुलकर कांग्रेस में विश्वास जताया है और कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने में विशेष भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने हमेशा



निष्पक्ष, बेदाग व जनहित की राजनीति की है। समाज के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण भाव व ईमानदारी सभी को प्रभावित करती है। अपने पिता पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चौ. दलबीर सिंह के पदचिह्नों पर चलते हुए बहन सैलजा ने हमेशा जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। इसी सोच व दृष्टिकोण के चलते लाखों लोग उनके मुरीद हैं।

इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रतन सिंह पानू, प्रदेश सचिव पवन कुमार तुंदवाल, विक्रम मित्तल, मुकेश कुमार शर्मा, बजरंग, हिमांशु खोवाल, श्वेता शर्मा, गौरव टूटेजा, कुलवंत सैनी, सुमित फोगाट, दीपिका जांगड़ा, संदीप जाखड़, विपिन सलेमगढ़, सत्यवान जांगड़ा, साहिल लाडूना व फूल कुमार सांगवान सहित काफी संख्या में वकील मौजूद रहे। इस दौरान एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से स्पष्ट हो गया है कि जनता भाजपा की नीतियों से काफी परेशान है। इसलिए जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है। भाजपा द्वारा खिलाडि?ों पर किए गए अत्याचार, किसानों पर करवाए गए लाठीचार्ज और सीबीआई व ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का जनता ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले और चंडीगढ़ मेयर चुनाव व सूरत लोकसभा चुनाव में धांधली के प्रति भी जनता ने वोट के माध्यम से रोष जताया है।

# परीक्षा के 6 घंटे के बाद श्रीकृष्ण आयुष विवि ने जारी किया रिजल्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने परीक्षा के महज 6 घंटे के भीतर ही परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। आपको बता दें कि मंगलवार दोपहर को डी फामेर्सी और पंचकर्म सर्टीफिकेट कोर्स की परीक्षा सम्पन्न हुई थी। विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा छात्रों का समय बचाने हेतु तीव्रता से कार्य करते हुए देर सांय परीक्षा परीणाम जारी कर दिया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। कुलपति प्रोफेसर वेद्य करतार सिंह धीमान ने परीक्षा शाखा नियंत्रक एवं सभी कर्मचारियों को इस कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित




एवं कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध एवं समर्पित है। आधुनिक समय में तकनीकि के साथ तालमेल बनाते हुए सभी शैक्षिक, गैर-शैक्षिक और प्रशासनिक कार्यों को गति प्रदान करना विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का कार्यभार कुलसचिव डा. नरेश भार्गव के पास है ' डॉक्टर नरेश भार्गव इससे पहले खानपुर कला भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के रूप में कार्यरत थे। पहले के अनुभवों के आधार पर आयुष विश्वविद्यालय भी प्रशासनिक कार्यों में दक्षता आई है। परिणाम स्वरूप आयुर्वेद डी फार्मेसी और पंचकर्म सर्टीफिकेट कोर्स का रिजल्ट परीक्षा के 6 घंटों के भीतर घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव के कार्यकाल में पीएचडी की प्रवेश परीक्षाएं हुई, उनका रिजल्ट परीक्षा के दिन ही रात्रि तक जारी कर दिया जाता था। कोरोना काल के दौरान सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं रद्द कर दी गई थी और छात्रों की परफॉर्मेंस के आधार पर एक विशेष फामूर्ले के द्वारा छात्रों का रिजल्ट दिया जाना था। तब भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा प्रदेश में सबसे पहले सभी छात्राओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए थे। निश्चित रूप से डॉ.भार्गव के अनुभवों का लाभ श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय को मिलेगा।

**झटपट**

**▶▶ विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं**

# पौधारोपण करके मनाया पर्यावरण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज सभी जगह पौधारपण करके मनाया जा रहा है पर्यावरण दिवस । कुरुक्षेत्र के निकटवर्ती गांव दयालपुर में समाजसेवी गुलशन कुमार ने पौधारोपण के प्रति प्रेरित करने के लिए छोटे-छोटे बच्चों संग पौधारोपण करके मनाया पर्यावरण दिवस। समाजसेवी गुलशन कुमार ने पर्यावरण दिवस मनाने के महत्व को बताते हुए कहां की पौधों के बिना जनजीवन ठप्प हो सकता है क्योंकि पौधों के बिना मनुष्य का जीवन नहीं चल सकता। उन्होंने बताया कि पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण करते हैं। पौधे हमें फल देते हैं, लकड़ी देते हैं, गर्मी के मौसम में छांव देते हैं



और बदले में हमसे कुछ नहीं देते इसलिए सभी के द्वारा जनजीवन को सुरक्षित रखने हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जाना चाहिए।। गुलशन ने सरकारी आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि हर वर्ष फॉरेस्ट विभाग द्वारा व अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से लाखों पौधे रोपित किए जाते हैं लेकिन लगाने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है जो की कुछ समय बाद पौधे देखभाल के अभाव में स्वयं नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के बाद पौधों की देखभाल तब तक की जानी चाहिए जब तक वह अपने आप जमीन से खुराक न लेना शुरू कर दें।

# एईएसएल की अवनी जैन ने नीट 2024 में हासिल किए 720 में 715 अंक और एआईआर 100

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने पानीपत में अपने स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में प्रभावशाली स्कोर और ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में अवनी जैन ने 715 अंक और एआईआर 100, दिपांशु ने 715 अंक और एआईआर 233, अभिनव धवन ने 710 अंक और एआईआर 356, कृष वर्मा ने 706



अंक और एआईआर 789 और अतुल ने 700 अंक और 1922 एआईआर हासिल की है। वहीं पानीपत के कुल 24 छात्रों ने 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं। स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है.

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई. "हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है. उनका प्रभावशाली स्कोर हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं. आकाश में, हम अपने छात्रों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इन स्टूडेंट्स की सफलता निसंदेह कई और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी."

नीट प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा उन छात्रों के लिए योग्यता परीक्षा के रूप में आयोजित किया जाता है जो भारत में सरकारी और निजी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा (बीडीएस) और आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, आदि) पाठ्यक्रम करना चाहते हैं।

# राहगिरी कार्यक्रम कर पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

**जागरूक किया**

▶▶ युवाओ को नशे से दूर रहने और खेलो से जुडने बारे राहगिरी कार्यक्रम कर जागरूक किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** माननीय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईबर हरियाणा ओपी सिहँ के निदेर्शानुसार तथा पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में हर्बल पार्क अम्बाला शहर के पास उदय हरियाणा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत आम नागरिकों व बच्चों को साईबर अपराध से बचाव, हैल्प लाईन नम्बर 1930 व युवाओ को नशे से दूर रहने और खेलो से जुडने बारे राहगिरी कार्यक्रम कर जागरूक किया गया। राहगिरी कार्यक्रम में लगभग 265 आम नागरिकों, बच्चों व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। साईबर जागरूकता राहगिरी कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को थाना साईबर अपराध अम्बाला कर्मचारियो, साईबर सैल अम्बाला इन्चार्ज उप-निरीक्षक विरेन्द्र कुमार ने साईबर अपराध से बचने व नशे से दूर रहने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को साईबर अपराधो व धोखधडी करने वालो से बचाना और नशे से दुर रहने व खेलो से जुडने बारे जागरूक करना है। साईबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साईबर क्राईम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर काल करें व वेबसाइट एचटीटीपीएसरूध्ध्साइबर क्राईम डाट जीओवी डाट इन पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये। अम्बाला पुलिस के कर्मचारियों ने पुलिस बैण्ड के माध्यम से देशभक्ति के गीतों द्वारा उपस्थितगणों को देशभक्ति बारे भावविभौर किया।


## न्यूज फ्लैश

### पर्यावरण दिवस पर इको क्लब ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
कुरुक्षेत्र :आज भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर इको क्लब द्वारा कॉलेज परिसर में कचनार के पौधे लगाए। इको क्लब के संयोजक डॉ सुरेश कुमार ने बताया कि इको क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष पौधारोपण किया जाता है यह हमारी पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन के लिए कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। इको क्लब पर्यावरण के प्रति ना केवल पेड़ पौधे लगाकर अपितु प्लास्टिक मुक्त कैंपस, पोलीथीन मुक्त कैंपस के लिए भी समय समय पर अभियान चलाता रहता है। इस अवसर पर डॉ सुभाष शर्मा, प्रो कर्मजीत सिंह संधु,डॉ सतीश कुमार एवं गैर शिक्षक कर्मचारी जीतेन्द्र, जसवंत राजू तथा विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 10 जून, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड सोमवार, 10 जून, 2024 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल ऑफर साइज में 1 मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है,



जो कुल 1,200 .00 मिलियन तक है ("नया निर्गम")। इसमें विक्रय शेयरधारकों (नीचे परिभाषित) द्वारा ? 1 अंकित मूल्य के 66,677,674 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए ऑफर फॉर सेल ("बिक्री के लिए प्रस्ताव") भी शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तिथि शुक्रवार, 07 जून, 2024 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए सोमवार, 10 जून, 2024 को खुलेगा और बुधवार, 12 जून को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड ? 88 से ? 93 प्रति इक्विटी शेयर है। न्यूनतम 161 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 161 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। बिक्री के लिए प्रस्ताव में सैफ पार्टनर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा 19,437,465 इक्विटी शेयरों तक, पीक श पार्टनर्स इन्वेस्टमेंट श (जिसे पहले रउकइन्वेस्टमेंट श के रूप में जाना जाता था) द्वारा 13,024,000 इक्विटी शेयरों तक, आलोक बाजपेयी द्वारा 11,950,000 इक्विटी शेयरों तक, रजनीश कुमार द्वारा 11,950,000 इक्विटी शेयरों तक, माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स लिमिटेड द्वारा 5,486,893 इक्विटी शेयरों तक, प्लासिड होल्डिंग्स द्वारा 3,048, 375 इक्विटी शेयरों तक, मैडिसन इंडिया ऑपर्च्युनिटीज ट्रस्ट फंड के ट्रस्टी के रूप में कैटेलिस्ट ट्रस्टीशिप लिमिटेड (पूर्ववर्ती माइलस्टोन ट्रस्टीशिप सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा 1,333,513 इक्विटी शेयरों तक और मैडिसन इंडिया कैपिटल एचसी शामिल है। यह इक्विटी शेयर कंपनी के 4 जून, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं, जो रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, दिल्ली और हरियाणा, नई दिल्ली ("आरएचपी") के पास दाखिल किए गए हैं और इन्हें बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

### मारुति सुजुकी ने मानेसर स्थित फैसिलिटी में एक पायलट बायोगैस संयंत्र का शुभारंभ किया

**गुरुग्राम।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपनी मानेसर स्थित फैसिलिटी में एक पायलट बायोगैस संयंत्र शुरू की, तथा अपने इस संयंत्र में संसाधनों के रूप में घरेलू खाद्य अपशिष्ट और नेपियर घास की अप्रयुक्त क्षमता का उपयोग करेगी। यह पहल नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम वेस्ट टु एनर्जी से संरेखित है, जो कि अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सस्टेनेबल प्रैक्टिस एवं नवीन समाधानों के द्वारा कार्य किए जाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। वित्त वर्ष 2023-24 में, कंपनी ने सौर ऊर्जा और बायोगैस जैसी रिन्यूएबल एनर्जी पहलों को शुरू करने



के लिए 120.8 करोड़ रुपये का निवेश किया। वित्त वर्ष 2024-25 से शुरू होकर तीन वर्षों तक चलने वाली इस योजना के लिए कंपनी ने निवेश को लगभग चार गुना बढ़ाकर 450 करोड़ रुपये करने का संकल्प लिया है। इससे एमएसआईएल की पर्यावरणीय स्थिरता पहल को काफी प्रोत्साहन प्राप्त होगा। कंपनी की आगामी हरित ऊर्जा पहलों के बारे में बताते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री हिसाशी ताकेउचि ने कहा, ह्लकिसी भी प्रकार की मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रिया में ऊर्जा एक महत्वपूर्ण इनपुट होती है। हम 2030-31 तक अपनी उत्पादन क्षमता को लगभग 2 मिलियन से बढ़ाकर 4 मिलियन तक ले जा रहे हैं, साथ ही हम अपने संचालन में सस्टेनेबल एवं रिन्यूएबल एनर्जी स्रोतों की हिस्सेदारी को बढ़ाने की दिशा में हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों में भी तेजी ला रहे हैं। यह सुजुकी के पर्यावरण विजन 2050 और भारत सरकार के रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस के अनुरूप है।

# केंद्र के साथ प्रदेश में भी बनेगी भाजपा सरकारः रावल

**जश्न मनाया**

▶▶ लगातार तीसरी बार मोदी को देश का पीएम बनने का अवसर दिया है उसके लिए भाजपा जनता की आभारी है



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन** करनाल लोकसभा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की प्रचंड जीत व भाजपा को मिले बहुमत को लेकर भाजपा नेता ब्रह्मपाल रावल ने समर्थकों के साथ अपने आवास पर लड्डू बाटकर खुशी का इजहार किया और कहा कि यह जीत जनता की जीत है और जो जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया है और लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर दिया है उसके लिए भाजपा पार्टी देश की जनता की आभारी है ब्रह्मपाल रावल ने बताया कि हल्का समालखा से मनोहर लाल खट्टर ने ने बड़ी वोटो से विजय प्राप्त की है और इसका सारे मनोहर लाल की ईमानदारी और उनके द्वारा बनाई गई जान एटीसी नीतियों पर करनाल लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने मोहर लगाने का काम किया है ब्रह्मपाल रावल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी में जुट जाएं ताकि केंद्र के साथ-साथ प्रदेश के अंदर भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बन सके।

# केयू की एकेडमिक काउंसिल की सदस्य बनी कॉमर्स विभाग की डॉ. रश्मी चौधरी





**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार कॉमर्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रश्मी चौधरी को तथा आईआईएचएस की प्रोफेसर रीटा को तत्काल प्रभाव से आगामी दो वर्षो के लिए एकेडमिक काउंसिल का सदस्य बनाया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने दी।

# बाइक सवार महिला के कड़े छीन कर फरार



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी** - खरखौदा के खांडा रोड पर रहने वाली महिला किताबो देवी ने खरखौदा पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि आज सुबह समय करीब साढ़े 5 बजे घर से माता को नहलाने मंदिर में गई थी। वहाँ से आते वक्त लगभग करीब सवा 6 बजे एक लडका हेलमेट पहन कर मोटर साइकिल पर मेरे पास आया और एक लडका खरखौदा की तरफ से पैदल आया और मुझे बातो मे बहला कर मेरे दोनो हाथो मे से तोले के कडे जबरदस्ती हाथा पाई कर निकाल लिए और मुझे गिरा कर भाग गए।

# आईटीआई खरखौदा में 7 जून से दाखिले शुरू

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** आईटीआई प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जून यानी शुक्रवार से खरखौदा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2024-25 जो भी इच्छुक व्यक्ति दाखिला लेना चाहता है वह अपने दस्तावेज तैयार कर ले। विद्यार्थी 7 जून से 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इस दौरान इच्छुक व्यक्ति दाखिला लेने के लिए जरूरी दस्तावेजो में आधारकार्ड, परिवार पहचान पत्र, 8वी, 10वी, 12वी की मार्कशीट, डोमिसाइल, जाती प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक पास



बुक के साथ अपना मोबाइल नंबर भी साथ मे लेकर अपना फार्म खरखौदा आईटीआई में भरवाएं। प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने ये भी बताया कि आवेदन करने वाले कि उम्र कम से कम 14 साल होनी चाहिए। और शिक्षा कम से कम 8वी पास होना चाहिए। यदि कोई विद्यार्थी 10वी के बाद 2 साल का डिप्लोमा करता हैं तो वह 12वी कक्षा के समक्ष रहेगा। आईटीआई में सामान्य विद्यार्थी को 100 रू एवं अन्य के लिए 50 रू आवेदन फीस, जबकि महिला उम्मीदवार के लिए कोई भी आवेदन शुल्क नही है। और टयूशन फीस भी नही लगती है। उन्हें टूल किट राशी 1000 रू एकमुश्त मिलती है। इसके साथ ही प्रोत्साहन राशि के रूप में 2500 रू एकमुश्त मिलते हैं। वही महिलाओं के लिए हरियाणा रोडवेज की तरफ से मुफ्त बस सुविधा मिलती है।

# 7 जून को होगी वीआईपी नम्बरों की खुली बोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल अथॉरिटी में बीएल की सीरीज समाप्त हो चुकी है और आगामी 7 जून को बीएम की सीरीज प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीआईपी नम्बरों की खुली बोली की जाएगी। जो भी व्यक्ति वीआईपी या अन्य नंबरों की बोली देना चाहते हैं, वे उक्त तिथि को प्रातः10 बजे एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर बोली दे सकते हैं। इसके लिए 20 हजार रुपये की राशि सिक्योरिटी के रूप में जमा करवानी होगी तथा सफल बोली दाताओं से बोली की राशि नगद में नहीं ली जाएगी।

# पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 10 हरियाणा बटालियन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के आयोजन के जरिये समाज के सभी लोगों को आने वाली पर्यावरण से सम्बंधित समस्याओं के बारे में जागरूक करना है। विश्वविद्यालय में कैडेट्स द्वारा पौधारोपण किया गया।



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पौधारोपण करने के बाद कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल काहलों ने कहा कि पर्यावरण हम सब के लिए आज एक ज्वलंत विषय है। आज हम सब का दायित्व है कि हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि सब लोगों द्वारा अपनी आदतों में छोटे छोटे सुधार करने से ही हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते है। उन्होंने कहा की हमे प्लास्टिक को भी अलविदा कह देना चाहिए। केवल वृक्ष लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमे ये भी सुनिश्चित करना है कि ये पेड़ जीवित भी रहे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक कैडेट एक पेड़ होना चाहिए और ये श्रृंखला टूटनी नहीं चाहिए ।

इस अवसर पर आयोजित किये गए कार्यक्रमों में राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल के कैडेट्स द्वारा एक साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली राजकीय विद्यालय से आरम्भ होकर विश्वविद्यालय में पहुंची। इस रैली को 10 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमरदीप सिंह कहलों ने झंडा दिखा कर रवाना किया। 10 हरियाणा बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल नितीश कुमार भी कैडेट्स के साथ साइकिलिंग करते हुए आए।

इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा अपने विचार भी प्रस्तुत किये गए और जलाशयों के महत्व के बारे में बताया और साथ ही साथ ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बताया। इस अवसर पर एनसीसी के इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ वीरेंदर पाल ने कहा की आज के समय में वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए नयी-नयी मशीनों को बनाने में जुटे है।

# घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
सीआईए टू पुलिस टीम ने सौंदापुर गांव में घर में चोरी करने वाले आरोपी को सौंदापुर में सरकारी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अशोक निवासी सौंदापुर के रूप में हुई। सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक सौंदापुर गांव में सरकारी स्कूल के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अशोक पुत्र नफे सिंह निवासी सौंदापुर के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने 23 अप्रैल की रात गांव में एक मकान से 1 चांदी की अंगूठी, चांदी के 5 सिक्के व करीब 5 हजार रुपए चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में गांव सौंदापुर निवासी विजय पुत्र उमाराव की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया।

# यूआईईटी के विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत प्लेसमेंट : प्रो. ढींगरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार यूआईईटी संस्थान में ऑनलाइन दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी, पंचकूला के आदेशानुसार इच्छुक आवेदक 24 जून 2024 तक एचएसटीईएसडॉटओआरजीडॉटइन पर जाकर स्वयं को पंजीकृत करके ऑनलाइन दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। एनआईसी द्वारा पहली काउंसलिंग में सीट अलॉटमेंट का परिणाम 25 जून को 4 बजे हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा



सोसायटी, पंचकूला की वेबसाइट पर दशार्या जाएगा वहीं दूसरी काउंसलिंग में सीट अलॉटमेंट का परिणाम 09 जुलाई को 4 बजे वेबसाइट पर दशार्या जाएगा, इसके लिए अभ्यर्थी समय-समय पर एचएसटीईएस वेबसाइट पर जाकर चेक करते रहे। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को केयू यूआईईटी संस्थान की वार्षिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू यूआईईटी संस्थान बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के साथ बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर रहा है तथा संस्थान में एमटेक और तकनीकी विषयों में शोध पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया की इंडिया टुडे सर्वे के दौरान यूआईईटी संस्थान में प्रवेश गुणवत्ता, प्रशासनिक शैक्षणिक उत्कृष्टता, बुनियादी ढांचा, कॅरियर, प्रगति प्लेसमेंट व नेतृत्व के कारण देशभर के इंजीनियरिंग संस्थानों में यूआईईटी ने 33वां स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सफलता संस्थान विकास ओर सबसे बेहतर कड़ी है तथा दुनिया की जानी-मानी कंपनियों में 40 लाख 28लाख के पैकेज की प्लेसमेंट संस्थान की बड़ी उपलब्धि है। प्रतिष्ठित कम्पनियां इनफोसिस, विप्रो, मारुती यामाहा मोटर, गूगल, जिंदल स्टील, आईबीएम, अमेजोन, बेल, हेक्जावेयर, हौंडा, एमडीआई, एंटायर सोलूशन, टाटा इमेज, ल्यूमेक्स जैसी कम्पनी विद्यार्थियों की सीधे रूप से कैम्पस प्लेसमेंट कर रही है।

संस्थान के मैकेनिकल विभाग में डंप हो चुके कार और मोटरसाइकल को पानी की सहायता से हाइड्रोजन और आक्सीजन से मिश्रित गैस तैयार करके प्रदूषण रहित इको फ्रेंडली प्रोजेक्ट तैयार किए जिसकी प्रशंसा कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा भी कर चुके हैं।

# भारत का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडाः** अदाणी वन और आईसीआईसीआई बैंक ने आज वीजा के सहयोग से एयरपोर्ट से जुड़े लाभों के साथ भारत का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया। यह कार्ड दो वेरिएंट में उपलब्ध होगा- अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड और अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक प्लेटिनम क्रेडिट कार्ड। ये कार्ड एक व्यापक और पर्याप्त रिवार्ड प्रोग्राम प्रदान करते हैं। कार्ड में कार्डधारकों की जीवनशैली को बेहतर बनाने और उनके एयरपोर्ट और यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए ढेर सारे लाभ शामिल हैं। आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राकेश झा ने कहा, हमारा मानना है कि हमारे डिजिटल प्रॉडक्ट्स और प्रोसेसिंग में सुधार के साथ ग्राहकों की समस्त जरूरतों पर फोकस करने से हम न सिर्फ ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं दे पा रहे हैं, बल्कि हमें प्रमुख क्षेत्रों में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में भी आसानी हुई है। अडाणी वन और वीजा के सहयोग से को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की लॉन्चिंग हमारे इसी विजन के अनुरूप है। इस लॉन्च के माध्यम से, हम अपने ग्राहकों को अदाणी समूह के कंज्यूमर ईको सिस्टम में पुरस्कार और लाभ प्रदान करने और बैंक के क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो को मजबूत करने का इरादा रखते हैं। ये कार्ड अदाणी समूह के कंज्यूमर ईको सिस्टम जैसे अदाणी वन ऐप, जहाँ फ़्लाइट, होटल, ट्रेन, बस और कैब की बुकिंग की जा सकती है, अदाणी द्वारा प्रबंधित हवाई अड्डे; अदाणी सीएनजी पंप; अदाणी बिजली बिल और ऑनलाइन ट्रेन बुकिंग प्लेटफॉर्म ट्रेनमैन के जरिये खर्च करने पर 7 प्रतिशत तक अदाणी रिवार्ड पॉइंट प्रदान करते हैं।

# 'शालीमार गांव चौक पर जाम लगने से धूप में परेशान हुए लोग'









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एक ओर जहां दिल्ली में तापमान 50 डिग्री के आस-पास तक पहुंच गया है, वहीं बुधवार को दोपहर में शालीमार गांव चौक पर जाम लगने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।
जाम में फंसे हुए लोगों ने बताया कि यहां पर अकसर जाम लग जाता है, जिसके चलते मिनटों के सफर में घंटो लग जाते है और इस दोपहरी में जाम की वह से लोगों को ओर अधिक परेशान होना पड़ रहा है।
स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रोड़ पर हैदरपुर के पास मैक्स अस्पताल है, जहां पर मरीजों का व एंबुलेस का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन जाम की वजह से एंबुलेंस भी जाम में फंसी रह जाती है।
स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से भी मांग की है कि रोड़ पर जितने भी अतिक्रमण है, उन्हें हटाया जाये, जिससे की रोड़ चौडे नजर आये और ट्रेफिक जाम की समस्या न हो। दिल्ली प्रदेश निष्काम व्यापार संगठन के महासचिव प्रदीप जिंदल ने बताया कि शालीमार गांव चौक पर गोल चक्कर का प्रस्ताव पास है, लेकिन अभी तक वह बनाया नहीं गया है। मेरी संबंधित विभाग से मांग है कि इसे जल्द से जल्द बनवाया जाये। उन्होंने बताया कि रेहड़ी-पटरी वालों की वजह से भी यहां पर जाम होता है। शालीमार गांव चौक के पास ही अवैध रूप से पार्किंग चल रही है और ई-रिक्शा वाले शालीमार गांव चौक पर गलत तरीक से खड़ी कर देते है, जिसकी वजह से भी जाम लगता है।
दिल्ली प्रदेश निष्काम व्यापार संगठन के महासचिव प्रदीप जिंदल ने यह भी बताया कि हमारी संस्था के प्रयास से शालीमार गांव चौक पर लाल बत्ती तो चालू हो गई लेकिन वह अधिकतर ठीक नहीं रहती है, ट्रैफिक कर्मचारी यहां पर हमेशा रहने चाहिए, लेकिन वह हमेशा मौजूद ही नहीं रहते है, जिस वजह से जाम लगता है।
श्री जिंदल ने बताया कि ट्रैफिक जाम की समस्या तब ज्यादा पैदा होती जब लाल बत्ती खराब हो जाती है और ट्रैफिक कर्मचारी वहां पर नहीं रहते है, उस समय जाम की समस्या बेहद गंभीर हो जाती है। इस समस्या पर ट्रैफिक कर्मचारी विशेष ध्यान दें।
साथ ही उन्होंने दुकानदारों से भी अपील की है कि वह अपनी दुकान का सामान अपनी सीमा में ही रखें, पटरी व सड़क पर न रखें, इससे भी जाम लगता है।

**कब होगा समस्या का समाधान**

- प्रदीप जिंदल ने दुकानदारों से भी अपील की है कि वह अपनी दुकान का सामान अपनी सीमा में ही रखें, पटरी व सड़क पर न रखें, इससे भी जाम लगता है।
- शालीमार गांव चौक के पास ही अवैध रूप से पार्किंग चल रही है, जिसे हटाया जाये : प्रदीप जिन्दल








चाँदनी चौक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के जीतने के बाद उनके साथ विकट्री साइन दिखाते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

# दिल्ली के सिक्ख वोटरों के मतों ने दिलाई भाजपा को बड़ी जीतः कालका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दिल्ली के सिक्ख वोटरों के मतों ने भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रीय राजधानी में खास करके पश्चिमी व उत्तर पश्चिमी दिल्ली में बड़ी जीत दिलाई है, जिसके लिए वह दिल्ली के सभी सिक्ख वोटरों का आभार प्रक्ट करते हैं।
प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधन करते हुए कालका-काहलों ने कहा कि दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी पर पिछले समय में सरना बंधूओं और मनजीत सिंह जी.के. का कब्जा था जो सीधे तौर पर और पर्दे के पीछे से कांग्रेस पार्टी के साथ मिले हुए थे। उन्होंने कहा कि इस बार उत्तर-पश्चिमी भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदौलिया 2 लाख 90 हजार मतों से जीते और पश्चिमी दिल्ली की सीट से कमलजीत सहरावत को 1 लाख 99 हजार मतों से विशाल जीत हासिल हुई है। इन दोनों सीटों पर सिक्ख वोटरों की बहुसंख्या थी जिन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। कालका-काहलों ने कहा कि पूरे देश और सिक्ख पंथ ने देखा कि पंजाब में जो हालात बने हैं, जहाँ 104 साल पुरानी पार्टी जिसका कभी हम भी अंग रहे हैं, उसका बुरा हर्ष हुआ है।
उन्होंने कहा कि हम अकाली थे, अकाली हैं और अकाली रहेंगे परन्तु अकाली दल की लीडरशिप ने दिल्ली के उन नेताओं की डयूटी पंजाब में लगाई जिनका काँग्रेस पार्टी का साथ देने का रिकार्ड सार्वजनिक है। उन्होंने कहा कि इनके साथ की बदौलत ही पंजाब में खास तौर पर जालंधर व लुधियाणा में काँग्रेस पार्टी की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि सूबे में अकाली दल की लीडरशिप ने नया रिकार्ड बनाया है कि उन्हें सवा 13 फीसदी वोट मिली है। अकाली दल की लीडरशिप को इस पर ध्यान देना चाहिए और ठोस कदम उठाने चाहिए क्योंकि सिर्फ एक परिवार ही अकाली दल नहीं है। सरना बंधू और जी.के. लोगों को जात-पात और अलग-अलग भाईचारे में बाँटते रहे हैं और इन्होंने पंथ का बड़ा नुकसान किया है। शर्म की बात है कि 13 में से 10 सीटों पर अकाली दल की जमानत जब्त हुई है। कालका-काहलों ने दिल्ली के सिक्खों का आभार जताया जिन्होंने मोदी सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में सिक्ख समुदाय के लिए किये गये कार्यो को देखते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी के सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की सहायता की है। उन्होंने कहा कि काँग्रेस पार्टी का खूनी पंजा जो सिक्खों के खून से रंगा हुआ है, परन्तु केजरीवाल की पार्टी ने उसके साथ गठजोड़ कर-के सिक्खों के जख्मों पर नमक छिड़का है।



# 'प्रकृति का सरंक्षण करने के लिए अधिकाधिक करें पौधारोपण'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ग्रीन क्रूसेडर एवं नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति का सरंक्षण करने के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करने का स्वयं भी संकल्प लिया और लोगों से भी पौधारोपण करने की अपील की। वत्स ने कहा कि सबको पता है कि ऑक्सीजन का प्राकृतिक स्त्रोत पेड़ ही हैं। फिर भी लोग पेडों की अंधाधुंध कटाई करके पर्यावरण संतुलन को बिगाड रहें है। इसलिए सभी को चाहिए कि न केवल पौधारोपण कार्य में बढ चढकर भाग लें बल्कि इनका संरक्षण भी करें। वत्स ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'भूमि बहाली , मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' है। इसके लिए युद्ध स्तर पर जागरुकता अभियान चलाए जाने की जरुरत है ताकि हम अपने पर्यावरण को जीने लायक बना सकें। पौधारोपण के साथ साथ नदियों के जल को स्वच्छ रखना होगा। उद्योगों से निकलने वाले धुएं से लोगों को बचाने के लिए जीरो टालरेंस नीति पर अमल करना होगा। प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का सभी को मौलिक अधिकार है। पर्यावरण की रक्षा के लिए वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के साथ प्लास्टिक के प्रयोग में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। इसलिए पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। सांसों के निरंतर चलने के लिए जैसे शुद्ध हवा चाहिए वैसे ही पौधारोपण करना और पेडों की देखभाल करना भी हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। वत्स ने कहा कि इस साल पड़ रही गर्मी ने पृथ्वी पर निवास कर रहे सभी प्राणियों को सचेत कर दिया है कि गर्मी से बचना है तो पौधारोपण करो। जहां भी जमीन खाली हो वहां पेड़ लगाओ। भूमि को बंजर होने से बचाओ। भूमि बचेगी तभी सब प्राणी बचेंगे।



# धीरपुर मंडल में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के सांसद बनने पर बाटें गये लड्डू, मनाया गया जश्न





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** धीरपुर मंडल में चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के सांसद बनने पर जश्न मनाया गया और लोगों में लड्डू भी बांटे गये। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन व पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने कहा कि मैं दिल्ली की सातों सीटों पर जीते हुए भाजपा प्रत्याशियों को बधाई देती हूं और जनता का तहेदिल से धन्यवाद करती हूं। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, महामंत्री प्रीति गुप्ता, अनिल झा, उषा वर्मा, सन्नी, श्री कांत पांडे, विक्रम सोमानी, तिलक, गौरी गुप्ता, अशोक नारंग, नवीन शर्मा, गजेंद्र, सूरज कादयान, डॉक्टर निपेंदर, संजय सहित बहुताय की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बादली विधानसभाः जहांगीरपुरी वार्ड में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने किया पौधारोपण









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जहांगीरपुरी वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके जहांगीरपुरी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा कार्यकर्ताओ व स्थानीय निवासियों और निगम कर्मियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर लोगों को संदेश देते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि हम सभी को अपने आस-पास उचित स्थान देखकर पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये, जिससे की आपके आस-पास हरियाली रहें। इस अवसर पर आप नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने आस-पास उचित स्थान देखकर पौधारोपण करें और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें। जिससे की आपके आस-पास हरियाली बनें रहे। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधे लगाये। उन्होंने यह भी बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें छाया, फल और फूल मिलते है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधोरापण अवश्य ही करें। आप नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जहांगीरपुरी जे ब्लॉक 700 वाली गली का निर्माण कार्य निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा कराया जा रहा है साथ ही निगम पार्षद ने गली के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया और आज पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने सेनिटेशन इंस्पेक्टर के साथ जहांगीर पुरी की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस अवसर पर अनुज सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यालय में पार्टी प्रत्याशी की जीत पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई

**आभार**

**- कांग्रेस नेता भगवत दयाल कौशिक व अन्य पदाधिकारियों ने मतदाताओं का आभार जताया**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रहमचारी की जीत का रेलवे रोड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेता भगवतदयाल कौशिक, कांग्रेस के हलके के कार्यालय प्रभारी महाबीर शर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने ढोल बजाकर व लड्डू बाटकर कार्यकताओं के साथ खुशी मनाई। कार्यकताओं का उनके नेतृत्व में उत्साह देखते ही बनता था। भगवतदयाल कौशिक ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता बदलाव चाहती थी। प्रदेश में कांग्रेस की इतनी संख्या में सीट आने पर साबित हो गया है कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की लहर चलेगी। परिणामों ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आएगी। प्रदेश की जनता व गन्नौर हलके में कांग्रेस को भारी संख्या में वोट मिलने पर उन्होंने जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रहमचारी को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की जनता ने जो उम्मीद लगाकर वोट दिया है, वे उन पर खरा उतरेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा भी प्रदेश के विकास में न तो कोई कसर पहले छोड़ी न आगे छोड़ेगे। इस मौके पर कार्यकताओं ने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा, दीपेन्द्र हुड्डा जिंदाबाद के नारे लगाए।
कांग्रेस नेता भगवतदयाल कौशिक ने कहा कि हलके की जनता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा की उम्मीदों पर खरा उतरी है। जनता ने पहले ही दिखा दिया था कि सोनीपत के साथ प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। जनता ने देश व प्रदेश के एगजिट पोल पर कोई भरोसा नही किया और अपनी उम्मीद के हिसाब से परिणाम मिलने पर आज खुशी जताई है।
इस मौके पर कांग्रेस के गन्नौर चुनाव कार्यालय प्रभारी महाबीर शर्मा, किसान नेता विरेन्द्र पहल, गुरेन्द्र धनखड़, एडवोकेट विद्यासागर, नवीन कौशिक, अंकित त्यागी पार्षद, अंकित कौशिक, दीपक, राजेश, विजय गोस्वामी, हरिओम कौशिक, नितिन त्यागी, नितिन कौशिक आदि मौजूद थे।

# कांग्रेसः मथुरा में संगठन की जमीनी मेहनत लाई रंग

**लाभ**

**लगातार जनता से जुडे मुद्दों को उठाते रहने का लाभ कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मिला है।**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
कांग्रेस संगठन की मेहनत मथुरा में रंग लाई है। जमीनी स्तर पर किये गये काम और लगातार जनता से जुडे मुद्दों को उठाते रहने का लाभ कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मिला है। इस बीच कांग्रेस संगठन लगातार जनता के बीच मजबूती से अपनी उपस्थित दर्ज कराता रहा। यही वजह है कि 2019 में कांग्रेस को 28084 वोट मिले थे। जबकि 2024 में बढ़कर कांग्रेस के हिस्से में आये वोटों की संख्या 216657 हो गई। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि मथुरा से प्रत्याशी घोषित करने में कांग्रेस उलझन में रही। पहले बॉक्सर बिजेन्द्र सिंह का नाम चला और अंतिम क्षणों में उनके भाजपा में शामिल हो जाने के बाद आननफानन में युवा नेता मुकेश धनगर पर दांव लगाया। मुकेश धनगर को भी तैयारी करने का पूरा मौका नहीं मिला। कोई बड़ा नेता मथुरा में सभा, रैली या रोड शो करने नहीं आया। स्थानीय स्तर पर ही चुनाव को लडा गया। संगठन के लोगों और नए पुराने कांग्रेसियों के सहयोग से भाजपा को चुनौती देने की ठानी। दूसरी ओर भाजपा की पूरी मशीनरी और छोडे बडे स्थानीय नेताओं के आलवा मुख्यमंत्री, ग्रहमंत्री तक की सभाओं की झडी लगी रही। जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा का कहना है कि हमने पूरे दमखम के साथ सीमित संसाधनों से चुनाव को लड़ा। कांग्रेस को जिस तरह से जनता से समर्थन मिला है, यह उत्साहित करने वाला है। इस दौरान तमाम बातें हुईं, मशीनरी का भी दुरुपयोग हुआ। कांग्रेस संगठन की मेहन रंग लाई है। हम उत्साह से आगे बढ़ेंगे, अभी सूरत बदली और परिणाम भी बदलेंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव में गन्नौर हलके में भाजपा व कांग्रेस के नेताओं का उनके गांवों में ये रहा वोटो का मार्जन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले गन्नौर विधानसभा में लोकसभा चुनाव में विभिन्न पार्टियों के सक्रिय टिकट के दावेदार व अन्य नेतागण अपनी- अपनी पार्टी के प्रत्याशी को अपने- अपने गांव से भी पार्टी को जीत नही दिला पाए। वैसे तो वे पूरे विधानसभा में पार्टी की जीत का दावा करते थे लेकिन कुछ जगहों पर हुआ इसके विपरित। लोकसभा चुनाव में भाजपा के गन्नौर विधानसभा संयोजक आजाद नेहरा अपने गांव बलीकुतुबपुर में भाजपा प्रत्याशी को भाजपा को 538 व कांग्रेस को 909 वोट मिले, यहां पर भी कांग्रेस 371 वोट से विजयी रही। भाजपा के जिला महामंत्री के निशांत छौक्कर के गांव खेड़ी गुज्जर में कांग्रेस को 973 वोट मिली भाजपा को 2133 वोट मिली। जिसके चलते भाजपा को 1160 वोटों की बढ़त मिली। वहीं पूर्व सांसद रमेश कौशिक के गांव समसपुर गामड़ा में भी कांग्रेस को 286, भाजपा को 232 वोट मिली। कांग्रेस ने कुल 54 मतों से बढ़त बनाई। वहीं बजाना कला में भाजपा नेता देवेन्द्र कादियान के गांव में कांग्रेस को 10 वोट से बढत मिली। भाजपा को 688 वोट, कांग्रेस को 698 मत हासिल हुए। विधायक निर्मल चौधरी के पैतृक गांव में भी कांग्रेस प्रत्याशी 321 वोट ज्यादा लेकर भाजपा प्रत्याशी पर भारी पड़ा। भाजपा को 732 व कांग्रेस को 1053 वोट मिले।

### दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
धनखड़ काम्प्लेक्स के पास दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में पुरखास गांव के बलजीत ने बताया कि धनखड़ काम्प्लेक्स के पास उसकी कंप्यूटर की दुकान है। उसने 4 जून की सुबह दुकान के बाहर बाइक खड़ी की थी जो चोरी हो गई। शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### अत्यधिक लोभ वृत्ति पर्यावरण प्रदूषण का प्रमुख कारण - आशा दीदी



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
ब्रह्माकुमारीज के भोराकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि अत्यधिक लोभ वृत्ति पर्यावरण प्रदूषण का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति मन से शुभ भावना, शुभ कामना रखना बहुत जरूरी है। मनुष्य के संयम और नियम पर न चलने के कारण ही प्रकृति आज अपनी मयार्दा तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं साफ पर्यावरण ही सुखद अनुभव करा सकता है।
इस अवसर पर विशेष रूप से भोराकलां की जिला पार्षद अंजू शर्मा ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण ही धरती के तापमान में इस प्रकार की वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अंत में एक पेड़ तो हर व्यक्ति अपने साथ ले जाता है।
कार्यक्रम में सोलापुर, महाराष्ट्र से बीके सोम प्रभा, पटौदी बीपीओ ब्लॉक से पंकज डागर, बृजपुरा के सरपंच कारण सिंह एवं अशोक शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।
इस अवसर पर ओम शांति रिट्रीट की ओर से चार माह के लिए विशेष कल्प तरूह अभियान की भी शुरूआत की गई। आशा दीदी ने सभी को तुलसी के पौधे भेंट किए।

# गोवर्धन बस स्टैंड पर मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
गोवर्धन के बस स्टैंड पर एक अधेड़ व्यक्ति के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मंगलवार को शाम लगभग साढ़े चार बजे बस स्टैंड पर लोगो ने एक व्यक्ति को पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना गोवर्धन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मथुरा भेज दिया । मृत व्यक्ति के बैग से एक दवा का पर्चा मिला जो वृंदावन के बृज सेवा समिति हॉस्पिटल के डॉ. लोकेश की ओपीडी की दवाई का बताया गया है। जिसके अनुसार व्यक्ति का नाम मनोज कुमार शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी औरंगाशाहपुर नारायण उर्फ भनोटी थाना शेरकोट जिला बिजनौर बताया गया है।

# अब शहर की चार कालोनियों में गलियों के निर्माण पर होंगे 7 करोड़ खर्च

**प्रक्रिया**

**हाल ही में नियमित हुई 4 कालोनियों में अब गलियों का निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
शहर की हाल ही में नियमित हुई 4 कालोनियों में अब गलियों का निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। आचार संहिता लगने की वजह से गलियों की निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पर रोक लग गई थी। बुधवार को नगरपालिका ने गली निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। नियम व शर्तों पूरा करने वाली एजेंसियों को ही नियमानुसार टेंडर अलाट किए जाएंगे। नगरपालिका द्वारा चोरों कालोनियों में 7 करोड़ रुपये की लागत से गलियों व नालियों का निर्माण करवाया जाना है। इसके लिए आचार संहिता लगने से पहले नगरपालिका ने टेंडर लगाए थे। जिन कालोनियों में गलियों का निर्माण होना है इनमें बसंत विहार एक्सटेंशन, पंचवटी कालोनी, हनुमान नगर, फाटक पार शिव कालोनी शामिल हैं। इन कालोनियों में लोग विकास कार्यों को तरस रहे थे, क्योंकि इनमें न तो गलियों का निर्माण किया जा रहा था और पहले बन चुकी गलियों को रिपेयर भी नहीं करवाया जा रहा था। ऐसे में इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को खाली प्लाटों में दूषित पानी को छोड़ा जा रहा है। अब इन कालोनियों में गली निर्माण के लिए फिर से टेंडर लगाए गए हैं, जिसके बाद विकास कार्य शुरू होंगे जिसके बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी।

**- हनुमान नगर में सबसे ज्यादा होगा खर्च**

नगरपालिका द्वारा चारों कालोनियों के अलग-अलग टेंडर लगाए गए हैं। जिसके तहत हनुमान नगर में सर्वाधिक राशि खर्च की जाएगी। हनुमान नगर में गलियों व नालियों के निर्माण पर 2 करोड 10 लाख 92 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा पंचवटी कालोनी में 2 करोड 10 लाख 44 हजार रुपये, बसंत विहार एस्टेंशन में 1 करोड 26 लाख 54 हजार, शिव गार्डन कालोनी फाटक पार में 1 करोड 31 लाख 97 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

**- जल्द शुरू होगा गलियों का निर्माण**

इस बारे में नगरपालिका एमई जयदेव शर्मा ने बताया कि चार कालोनियों में गली निर्माण के लिए नगरपालिका ने टेंडर लगाए थे, लेकिन किसी भी एजेंसी में टेंडर के लिए आवेदन नही किया। जिसके बाद आचार संहिता लग गई। जिस वजह से टेंडर प्रक्रिया थम गई थी। अब टेंडर रिकाल किए गए हैं, जिसके बाद गलियों का निर्माण शुरू करवाया जाएगा।

# दिल्ली में भाजपा ने तीसरी बार जीती सातों सीटें



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
देश की राजधानी दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा को सभी सातों सीटों पर विजयश्री प्राप्त हुई है। दिल्लीवासियों का मोदी जी के प्रति अटूट विश्वास सराहनीय है। दिल्ली प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी औम प्रकाश धनखड़ ने दिल्ली में लगातार तीसरी बार पूर्णाक मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली की समझदार जनता ने मोदी जी के नेतृत्व में देश को मजबूत बनाने के लिए संपूर्ण जनादेश दिया है। इस बार दिल्ली भाजपा कार्यकताओं के समक्ष सभी सीट जीतने की चुनौती थी। आप और कांग्रेस का गठबंधन होने से विपक्ष की वोट डिवीजन होने की संभावना कम हो गई थी।
लेकिन दिल्ली की जनता ने आप और कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा में अपना विश्वास पुन दोहराया और मोदी जी को फिर से पीएम बनाने के लिए मतदान किया। इसलिए दिल्ली की सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार कमल खिला है। धनखड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता बधाई की पात्र है। दिल्ली में भाजपा को 54.38 प्रतिशत मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस और आप पार्टी दोनों को मिलाकर 43 प्रतिशत मत मिले। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस अनेक तरह के लोभ लालच देकर भी तीन अंकों तक नहीं पहुंच पाई।देश की जनता कांग्रेस के जनादेश की चोरी के फॉमूर्ले को पहले से जानती थी , इसलिए कांग्रेस को नकार दिया ।
उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में अपने सहयोगियों को साथ लेते हुए पिछले दस वर्षो से देश की सेवा कर रही है। लगातार तीसरी बार फिर से भाजपा नीत एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है।

# पर्यावरण बचाने की ली शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी मथुरा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट वन्या के तहत पौधारोपड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने एस.एफ स्ट्रीट स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट नगर मथुरा स्थित स्ट्रीट स्कूल में पौधारोपड़ के माध्यम से समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए समझाया कि आज समय हैं तो अपने पर्यावरण को नुकसान होने से बचाया जा सकता हैं। कार्यक्रम का अंत करते हुए वहां मौजूद सभी सदस्यों ने शपथ ली कि अपने घरों के आसपास कम से कम एक पौधा लगाएंगे।

# लोकसभा चुनाव में गन्नौर हलके में भाजपा व कांग्रेस के नेताओं का उनके गांवों में ये रहा वोटो का मार्जन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले गन्नौर विधानसभा में लोकसभा चुनाव में विभिन्न पार्टियों के सक्रिय टिकट के दावेदार व अन्य नेतागण अपनी- अपनी पार्टी के प्रत्याशी को अपने- अपने गांव से भी पार्टी को जीत नही दिला पाए। वैसे तो वे पूरे विधानसभा में पार्टी की जीत का दावा करते थे लेकिन कुछ जगहों पर हुआ इसके विपरित। लोकसभा चुनाव में भाजपा के गन्नौर विधानसभा संयोजक आजाद नेहरा अपने गांव बलीकुतुबपुर में भाजपा प्रत्याशी को भाजपा को 538 व कांग्रेस को 909 वोट मिले, यहां पर भी कांग्रेस 371 वोट से विजयी रही। भाजपा के जिला महामंत्री के निशांत छौक्कर के गांव खेड़ी गुज्जर में कांग्रेस को 973 वोट मिली भाजपा को 2133 वोट मिली। जिसके चलते भाजपा को 1160 वोटों की बढ़त मिली। वहीं पूर्व सांसद रमेश कौशिक के गांव समसपुर गामड़ा में भी कांग्रेस को 286, भाजपा को 232 वोट मिली। कांग्रेस ने कुल 54 मतों से बढ़त बनाई। वहीं बजाना कला में भाजपा नेता देवेन्द्र कादियान के गांव में कांग्रेस को 10 वोट से बढत मिली। भाजपा को 688 वोट, कांग्रेस को 698 मत हासिल हुए। विधायक निर्मल चौधरी के पैतृक गांव में भी कांग्रेस प्रत्याशी 321 वोट ज्यादा लेकर भाजपा प्रत्याशी पर भारी पड़ा। भाजपा को 732 व कांग्रेस को 1053 वोट मिले।
शहर में नगरपालिका चेयरमैन ने अपने 7 बूथों पर भाजपा को 962 वोट से बढ़त दिलाई, कांग्रेस समर्थित दो पार्षद नही दिला पाए कांग्रेस को वार्ड से जीत
-नगरपालिका के अर्न्तगत शहर की बात करे तो यहां नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी के गन्नौर गांव के बूथ 88 से 94 तक कुल 7 बूथों पर भाजपा को 2904 व कांग्रेस को 1942 वोट मिले। भाजपा को 962 वोट से बढत मिली। वहीं अन्य वार्डों में भाजपा को अच्छी बढ़त मिली। चुनाव में गांव गढ़ी केसरी में चुनावी सभा में शामिल होने वाले कांग्रेस समर्पित अंकित त्यागी के वार्ड गढ़ी केसरी में तीनों बूथों पर भाजपा को बढ़त मिली। वहीं गढ़ी केसरी स्कूल के ही तीन बूथों पर कांग्रेस में आस्था जताने वाले पार्षद अजय सरोहा अपने वार्ड से कांग्रेस को जीत नही दिला पाए। **कांग्रेस की टिकट के दावेदार नेताओं के गांव में कांग्रेस को इतने मिले वोट**
-लोकसभा चुनाव में हाल ही में जजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले रणधीर मलिक व संजय मलिक ने अपने गांव पिपली खेड़ा में कांग्रेस को अच्छी बढ़त दिलाने में सफल रहे। पिपली खेड़ा में भाजपा को 579 व भाजपा को 1035 वोट मिले। कांग्रेस को 456 वोट से बढ़त मिली। वहीं कांग्रेस की टिकट के प्रबल दावेदार राजेश पहलवान पुरखासियां व संतोष गुलिया अपने गांव में कांग्रेस को 274 की दोनो नेता बढ़त दिलाने में सफल रहे।

# बलदेव बिजली घर का किया ग्रामीणों ने घेराव

**त्राहि त्राहि**

**अघोषित विद्युत आपूर्ति के चलते भीषण गर्मी में पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है**



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
बलदेव उपखंड के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशन बरौली, मरोड़, बलदेव से अघोषित विद्युत आपूर्ति के चलते भीषण गर्मी में पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। लोगों की नाराजगी लगातार बढती जा रही है। लोगों का धैर्य जवाब दे रहा है। बलदेव कस्बे की भी विद्युत आपूर्ति गडबडाई हुई है। वहीं शाम तीन बजे से बलदेव उपखंड के सभी सब स्टेशनों की आपूर्ति ठप्प थी। 220 स्टेशन गोकुल से निकलने बाली लाइन ठप्प चल रही है। सुबह साढे चार बजे आपूर्ति चालू की गई पांच बजे। भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था न होने के चलते बरौली सबस्टेशन से जुड़े कई गांव में ग्रामणीं त्रस्त है। त्रस्त उपभोक्ताओं ने बलदेव बिजली घर का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर अधिशासी अभियंता प्रथम गौरव कुमार आक्रोशित किसानों के बीच पहुंचे। काफी समझाने पर भी किसानों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। संयुक्त किसान मोर्चा से गजेंद्र सिंह परिहार, रामवीर सिंह तोमर, देवेंद्र पहलवान, ललित शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि विभाग जल्द विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को दुरस्त करे नहीं तो जनपद में जल्द एक बहुत बड़ा आंदोलन होगा। इस अवसर जगदीश परिहार, गिर्राज सिंह परिहार, योगेश अस्थाना, नीरेश कोयण, रामगोपाल तोमर, लाला राम, बीदा लाल तोमर, गणेश तोमर, लेखराज तोमर, उदयवीर सरपंच, देवेंद्र पहलवान, बंटी पांडेय, रणछोड, सत्यदेव चौधरी, मुरारी लाल अग्रवाल, पप्पू, दिनेश तोमर, इंद्रजीत, उदयवीर तोमर, संजय पराशर, प्रेमचंद, अमरचंद, रंजीत सिंह, बबलू सोनी, सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जनमत ने हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति को नकाराः हरीश चन्द्र आजाद



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
समाजसेवी हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि 2024 के चुनावी नतीजों से जनमत ने हिन्दू-मुस्लिम राजनिति को पूरी तरह से नकार दिया है और राजनितिक पार्टियों को साफ-साफ संदेश दिया है कि देश के विकास, मंहगाई व बेरोजगारी इन मुद्दों पर चुनाव लड? वालों का साथ ही देश की जनता देगी। उन्होंने कहा कि जनता ने देखा कि किस तरह से भाजपा सरकार ने किस तरह से चंडीगढ़ में मेयरपद चुनावों में लोकतंत्र की हत्या की तथा लगातार भाजपा ने किस तरह ईडी व सीआईडी का दुरूपयोग किया। जनता ने इस तरह की गंदी राजनिति को नकारा। इन चुनावों की सबसे बड़ी बात यह रही कि बार-बार यह कहना कि जो राम को लाये हैं हम उनको लायेगें लेकिन रामजन्म भूमि के निवासियों ने भाजपा के उम्मीदवार को अयोध्या में हराकर यह संदेश दिया है कि श्रीराम को लाने वाली बातें करके उन्होंने हिन्दूधर्म का अपमान किया है इसी तरह प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने खुद को भगवान तक कह डाला लेकिन जनता ने उनको भगवान व इंसान का फर्क सिखा दिया है।
हरीश आजाद ने कहा कि देश की जनता ने देश को मजबूत विपक्ष दिया है जिससे लोकतंत्र की जीत हुई। देशवासियों ने इन चुनावों के नतीजों में यह संदेश दिया है कि भारतवासियों के लिये कोई भी राजनितिक पार्टी देश के लोकतंत्र से बड़ी नहीं हो सकती और कोई राजनितिक इंसान भगवान की जगह नही ले सकता। इन चुनावों के नतीजों ने सभी न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल को फेल करके दिखा दिया कि पिछले कुछ वर्षों से मीडिया कि आजादी कैसे कैद थी जोकि देश के चौथे स्तंब के लिये सही नही है।
देश की जनता ने लगातार देखा कि संसद में भाजपा सरकार ने केवल राम मन्दिर, हिन्दू-मुस्लिम में नफरत का जहर व कांग्रेस के 75 सालों का रोना ही रोया कभी एक भी बात विकास की नही की और न कभी देश को आगे ले जाने वाली योजनाओं को बताया तथा मंहगाई व बेराजगारी के नाम तक भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र व भाषणों से गायब रखा जिसका खमिाजा भाजपा को चुनावी परिणामों में भुगतना पड़ा।
आजाद ने कहा इन चुनाव परिणामों से देश में गठबंधन की राजनिति का रूख बदलेगा, लोकतंत्र मजबूत होगा, हिटलरशाही खत्म होगी, हिन्दू-मुस्लिम की राजनिति का अंत होगा तथा जनता के मौखिक मुद्दों पर राजनितिक का दौर आरम्भ होगा जो देश की जनता के हक में है।
हरीश आजाद ने देश की होने वाली नई संसद से अपील करते हुए कहा कि इस बार ऐसा सविधान लायें जिसमें कोई भी राजनितिक पार्टी स्वर्गीय प्रधानमंत्रियों पर कलंक न लगायें इससे देश की संस्कृति खराब होती है।
दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र वाले देश का प्रधानमंत्री कोई भी साधारण व्यक्ति नहीं हो सकता इसलिये उन पर कीचड़ न उछाला जाये।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार एनडीए सरकार बनने पर भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी होली गेट पर एकत्रित हुए। आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी की जीत के बाद जश्न मनाना शुरू कर दिया। शहर के हृदय स्थल होली गेट पर बम-पटाखे फोड़कर भाजपा कार्यकताओं द्वारा जश्न मनाया गया। एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों और कार्यकताओं की मेहनत की जीत है। महानगर के सभी मंडलों में कार्यकताओं द्वारा विजय का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुकेश खंडेलवाल, रविकांत गर्ग, चेतन स्वरूप पाराशर, मदन मोहन श्रीवास्तव, डीएन गौतम, योगेश आवा, हरीश अग्रवाल, अनुराग चतुर्वेदी, मोहित अग्रवाल, अंकित चतुर्वेदी, दीपांकर भाटिया, मृदुल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रामरतन चौधरी, तुलसी गर्ग, ललित अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, जतिन अग्रवाल, अनिल गोला, टीटू आनंद, चरतलाल सर्राफ, यश अग्रवाल, प्रशांत यादव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उप्र में भाजपा की उम्मीदों को लगा झटका

## पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा की ताकत घटकर लगभग आधी रह गई है

**हार पर मंथन**

**पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा की ताकत घटकर लगभग आधी रह गई है। भाजपा के खाते में सिर्फ 33 सीटें आई हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा की ताकत घटकर लगभग आधी रह गई है। भाजपा के खाते में सिर्फ 33 सीटें आई हैं। प्रदेश में भाजपा-नीत एनडीए में शामिल दल भी गठबंधन के समीकरणों को दुरुस्त करने में नाकाम रहे। अब हार के कारणों पर चिंतन-मंथन का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि आखिरकार प्रदेश में भाजपा के रणनीतिकारों से कहां चूक हुई? पिछले चुनाव की तुलना में इस बार भाजपा की सीटें ही कम नहीं हुई हैं, बल्कि वोट प्रतिशत भी गिरा है। वर्ष 2019 में 62 सीटें जीतने वाली भाजपा को 49.97 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा 41.37 के करीब पहुंच गया है। प्रदेश में एनडीए में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा), राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), अपना दल (सोनेलाल) और निषाद पार्टी भाजपा को खास फायदा नहीं पहुंचा पाए। भाजपा ने प्रदेश के चुनाव में पिछड़े वोटबैंक को साधने के लिए एनडीए का विस्तार करते हुए सुभासपा और रालोद जैसे दलों को शामिल किया था पर दोनों दल कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए। यही हाल एनडीए के दो पुराने अन्य सहयोगी अपना दल (एस) और निषाद पार्टी का भी रहा।



चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन मैदान में उतरा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए के फामूर्ले के साथ मैदान में उतरे। वहीं बेरोजगारी, अग्निवीर योजना और संविधान बदलने के मुद्दे को लगातार इंडिया ब्लाक के नेताओं ने जमकर हवा दी। इस बार विपक्ष ने भाजपा के हिंदुत्व के मुकाबले पीडीए का फामूर्ला तैयार किया। पीडीए अर्थात पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक। पीडीए का फामूर्ला भाजपा के हिंदुत्व और दूसरों मुद्दों पर भारी पड़ गया। कहीं-कहीं यह पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक था तो कहीं-कहीं अखिलेश यादव ने इसे पीड़ित, दलित और अगड़ा बता दिया। वरिष्ठ पत्रकार जेपी गुप्ता के अनुसार राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लोग राजनीति में बच्चा समझते रहे लेकिन दो लड़कों की जोड़ी ने बिखरे पड़े विपक्षी कुनबे में जान फूंक दी।

### योजनाओं पर भारी जाति का फैक्टर

**समाज** के हर जरूरतमंद तबके ने डबल इंजन की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो लिया लेकिन ईवीएम का बटन दबाते समय जाति का फैक्टर हावी हो जाता है। वोटरों को लाभ भी चाहिए और अपनी जाति का नेता भी। प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलाने के लिए भाजपा ने पिछले पांच साल में कई नए प्रयोग किए थे, लेकिन चुनाव नतीजे बता रहे हैं कि सभी प्रयोग फेल साबित हुए हैं। मोदी-योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क अभियान भी असरदार साबित नहीं हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा, मोदी का पत्र वितरण और टिफिन बैठक जैसे कई प्रमुख अभियान और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को साधने की कोशिश भी नाकाम साबित हुई हैं। पत्रकार केपी त्रिपाठी के अनुसार भाजपा ने उत्तर प्रदेश में खराब छवि वाले कई सांसदों का टिकट काटने से परहेज किया। कई सीटों पर सांसद विरोधी लहर को नजरंदाज किया गया। इससे कार्यकर्ता हतोत्साहित हुए। वहीं ज्यादा सीटें जीतने पर योगी को हटाया जा सकता है इस दुष्प्रचार और नरेटिव का भी असर पड़ा।

**सोशल मीडिया मैनजमेंट में पिछड़ी भाजपा:** विपक्ष ने इस बार भाजपा के सोशल मीडिया मैनजमेंट के मुकाबले के लिए पूरी तैयारी की थी। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष ने भाजपा के प्रचार तंत्र और सोशल मीडिया का जमकर काउंटर किया। पत्रकार राघवेन्द्र मिश्र के अनुसार प्रदेश में भाजपा ने इस बार सोशल मीडिया का प्रबंधन ठीक से नहीं किया। विपक्ष के दुष्प्राचार, फेक न्यूज और हमलों का भाजपा की सोशल मीडिया टीम ठीक से मैनेज नहीं कर पाई।

## उप्र में भाजपा ने 25 सीटों पर लगाई जीत की हैट्रिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार उसकी सीटें घटकर लगभग आधी रह गई हैं। इस चुनाव में भाजपा ने 33 सीटें जीती हैं। इनमें से 25 सीटें ऐसी हैं जिस पर पार्टी ने हैट्रिक लगाई है। वहीं पांच सीटों पर लगातार चौथी बार जीती है। लखनऊ सीट पर भाजपा ने लगातार 9वीं बार जीत दर्ज की है। वहीं 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो गोरखपुर में भाजपा लगातार सातवीं बार जीती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य में 62 सीटें जीती थीं। वीआईपी सीटों में शुमार लखनऊ संसदीय सीट पर भाजपा 1991 से लगाातर जीत रही है। वर्ष 1991 से 2004 तक लगातार पांच चुनाव यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जीते। वर्ष 2009 में लालजी टंडन ने यहां जीत का कमल खिलाया। वर्ष 2014, 2019 में राजनाथ सिंह जीते। इस बार भी राजनाथ सिंह यहां कमल खिलाने में कामयाब रहे। लखनऊ में भाजपा की ये नौंवी जीत है जबकि राजनाथ सिंह की हैट्रिक है। गोरखपुर सीट पर 1998 से लेकर 2014 तक लगातार पांच चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर रवि किशन मैदान में उतरे और विजयी रहे।

**फास्ट न्यूज**

## घोसी की जनता को भाता रहा है भूमिहार सांसद

**टीम एक्शन इंडिया**

मऊ: मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे ने घोसी की जनता ने लोकसभा सीट पर फिर से भूमिहार जाति के राजीव राय को अपना सांसद चुनकर यह साबित कर दिया है कि इस सीट पर भूमिहार जाति का सांसद ही पसंद है। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक हुए 19 चुनाव में 14 बार भूमिहार बिरादरी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। इसके अलावा इस सीट पर दो बार चौहान, दो बार राजभर और एक बार राजपूत जाति के प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया है। भूमिहार प्रत्याशियों में अलगू राय शास्त्री,जय बहादुर सिंह, झारखंडे राय, शिवराम राय, राजकुमार राय, कल्पनाथ राय और अतुल राय के बाद अब राजीव राय ने इस लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर लिया है।

इसके अलावा राजपूत बिरादरी से कांग्रेस के उमराव सिंह, चौहान जाति से बसपा के बालकृष्ण चौहान और दारा सिंह चौहान जबकि राजभर जाति से सपा के चंद्र देव राजभर और भाजपा के हरी नारायण राजभर ने इस सीट पर जीत हासिल की है। घोसी लोकसभा सीट पर सबसे दिलचस्प बात यह है कि अब तक 19 चुनाव में महज एक बार ही यहां से कमल खिला है। अथक प्रयासों के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के हरि नारायण राजभर को जीत हासिल हुई। इसके बाद 2019 में मोदी के प्रचंड लहर के बावजूद सीट पर बसपा के अतुल राय ने जीत का परचम लहराया था।

## कई राज्यों में बढ़ा है भाजपा का जनाधार: स्वाती सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी की नेता व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में चुना है। ओडिशा, केरल जैसे राज्य में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास जताया है। आज भी इंडी गठबंधन से ज्यादा सिर्फ भाजपा की सीटें हैं। लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि यह बात सही है कि कांग्रेस को खुद भरोसा नहीं था कि उसको 99 सीटें मिल जाएंगी। इस कारण वह इतनी सीटों पर ही जश्न मना रही है लेकिन भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। उन्होंने जनता और कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि यहां हर कार्यकर्ता अपने लिए नहीं, देश की प्रगति के लिए कार्य करता है। मैं स्वयं तीन सप्ताह तक ओडिशा में रही और वहां पर जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताया।

## बसपा सोच समझकर मुस्लिम समाज को देगी मौका: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ: लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद मुस्लिम समाज बसपा को ठीक ढंग से समझ नहीं पाया। ऐसी स्थिति में अब काफी सोच समझकर आगामी चुनाव में मुस्लिम समाज को मौका दिया जाएगा ताकि भविष्य में पार्टी को इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। मायावती ने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक पत्र में लिखा है कि इस बार पार्टी अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरी थी। उम्मीद यह थी कि ईमानदार कार्यकर्ता और पार्टी से जुड़े लोगों के बलबूते बेहतर परिणाम आएंगे। उनकी जाति के अधिकांश लोगों ने अपना वोट बसपा को दिया, जिसके लिए वे आभारी हैं। साथ ही पार्टी के खास अंग मुस्लिम समाज, जो पिछले चुनाव में व इस बार भी लोकसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद भी बसपा को ठीक से नहीं पा रहा है।




**स्पष्ट किया**

**उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद मुस्लिम समाज बसपा को ठीक ढंग से समझ नहीं पाया**



**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार मुख्यमंत्री आवास परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों को बचाने के लिए संकल्प लेने का दिन है।**

## पुलिस को देखकर गोमांस लदी कार को छोड़ भागा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः लालकुर्ती थाना क्षेत्र के माल रोड पर** बुधवार सुबह पुलिस के रोकने पर बदमाश स्कोडा कार को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कार से पांच क्विंटल गोमांस बरामद किया। पुलिस ने गोमांस को जांच के लिए भेज दिया है और आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। लालकुर्ती थाना क्षेत्र के माल रोड पर बुधवार की सुबह पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रही स्कोडा कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक ने कार दौड़ा दी। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी करके कार को दीनदयाल उपाध्यक्ष मैनेजमेंट कॉलेज के पास रोक लिया। कार के अंदर से दुर्गंध आ रही थी।

## विजयी प्रत्याशियों ने की डोटासरा से मुलाकात

**जयपुरः** राजस्थान में लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद अब बधाइयों, शुभकामनाओं और मेल मिलाप का दौर शुरू हो गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जीते हुए प्रत्याशियों से मुलाकात की।

## जालौर टफ सीट, वैभव ने अच्छा चुनाव लड़ा: अशोक गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहना है कि चुनावों में हार जीत चलती रहती है, लेकिन हौंसले पस्त नहीं होने चाहिए। यह चुनाव जनता और एनडीए सरकार के बीच था। जनता ने बीजेपी के घमंड को तोड़ा है। ये अहम और घमंड की हार हुई है। मैंने नेताओं को विश्वास दिलाया था कि राजस्थान में चौंकाने वाले नतीजे आएंगे, वही हुआ। गहलोत जालोर-सिरोही-सांचौर संसदीय क्षेत्र के परिणाम, चुनावी अभियान व उद्देश्य पर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर रहे थे। अपने पुत्र और जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के जालोर सीट से चुनाव हारने पर पूर्व सीएम ने कहा कि जालोर सीट पहले से ही टफ सीट थी। गुजरात से सटी सीट है, वहां उसका प्रभाव है। वहां के लोग गुजराती भाषा भी समझते हैं। हमें पहले से ही पता था सीट टफ है, लेकिन जिस तरह के हालात थे, उसमें वैभव गहलोत ने आगे बढ़कर चुनाव लड़ना स्वीकार किया। उस सीट पर 20 साल से कांग्रेस नहीं जीत पा रही है, हार जीत चलती रहती है। हमारी ड्यूटी बनती है कि हम टफ समय में पार्टी के साथ खड़े रहते, इसलिए वैभव को सोच समझकर लड़ाया। अब कोई न कोई तो चुनाव लड़ेगा ही। वैभव गहलोत ने चुनाव लड़ना स्वीकार किया, वहां अच्छा चुनाव लड़ा गया। लोकसभा सीट का घोषणा पत्र जारी किया गया।



**विचारधारा**

**राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एवं ने पूरे देश में प्रचार कर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत किया है**

**हमारे उम्मीदवार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे- पायलट**

राजस्थान में कांग्रेस के बेहतर प्रर्शन के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने देर रात सोशल मीडिया पर लोकसभा चुनाव परिणाम में विजयी हुए कांग्रेस एवं आईएनडीआईए गठबंधन के समस्त प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एवं ने पूरे देश में प्रचार कर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत किया है और लोगों का असीम स्नेह प्राप्त किया है।

## उत्तराखंड में सहस्रताल रेस्क्यू अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशीः उत्तराखंड** के उत्तरकाशी जिले में सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट पर फंसे ट्रैकर्स की खोज एवं बचाव के लिए चलाया गया अभियान युद्धस्तर पर जारी है। अभी तक कुल 10 ट्रैकर्स को घटना स्थल से एयरलिफ़्ट कर सुरक्षित निकाला जा चुका है। हर्षिल हेलिपैड पर वायुसेना के एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर को बैकअप में तैनात किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी। ट्रैकिंग एसोसिएशन ने मंगलवार शाम को उत्तरकाशी के आपातकालीन परिचालन केंद्र को सूचना दी थी की सहस्त्रताल के ट्रैकिंग रूट पर गये 22 सदस्यों वाला ट्रैकिंग दल खराब मौसम के कारण रास्ता भटक गया है। खराब मौसम के कारण ट्रैकिंग दल के चार सदस्यों की मौत हो गई है। आज चार और ट्रैकर्स की मौत की खबर मिली है। इसके साथ ही एक और ट्रैकर्स की मौत की आशंका जताई गई है। 10 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट कर दिया गया है उल्लेखनीय है कि कॉलर राजेश, ट्रैक लीडर ने सोमवार को सूचना दी थी कि मौसम खराब के कारण सहस्त्रताल से उत्तरकाशी की तरफ 3.5 किमी कुठलीटॉप में 13 ट्रैकर्स हैं जिसमें चार ट्रैकर्स की मृत्यु एवं नौ ट्रैकर्स का स्वास्थ्य खराब है।

## हिमालय को प्रदूषण मुक्त करने का लिया गया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदरीनाथ/केदारनाथः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को बदरीनाथ और केदारनाथ में स्वच्छता अभियान चलाकर हिमालय को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया गया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति सहित नगरपंचायत, सेना, आईटीबीपी, पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों, जिला प्रशासन, तीर्थयात्रियों, तीर्थ पुरोहितों ने संयुक्त रूप से पर्यावरण बचाने, पौधे लगाने और पॉलिथीन का प्रयोग न करने का भी संकल्प लिया। केदारनाथ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केदारनाथ मंदिर परिसर में मंदिर समिति, सेना, आईटीबीपी, पुलिस और जिला प्रशासन, तीर्थयात्रियों ने पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाते हुए हिमालय को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर परिसर के बाहर पर्यावरण बचाने के लिए साइनबोर्ड लगाकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने अपने हस्ताक्षर किये।

## भाजपा को कभी नहीं भाया रालोद का साथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः** भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल पहले भी मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं। प्रत्येक बार राष्ट्रीय लोकदल ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन किया, लेकिन भाजपा को कभी भी रालोद का साथ रास नहीं आया। इस बार भी रालोद से गठबंधन के बाद भी भाजपा को मुजफ्फरनगर और कैराना सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में हराकर रालोद को सियासी वनवास में भेज दिया था। 2014 में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने रालोद अध्यक्ष अजित सिंह को करारी शिकस्त दी तो मथुरा से उनके बेटे जयंत सिंह भी चुनाव हार गए थे। इसी तरह से 2019 में मुजफ्फरनगर सीट से भाजपा उम्मीदवार संजीव बालियान ने रालोद अध्यक्ष रहे अजित सिंह को हराया, तो बागपत से जयंत सिंह को भी हार मिली। विधानसभा और संसद में रालोद का कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने रालोद के साथ गठबंधन कर लिया। भाजपा और रालोद ने अभी तक तीन बार मिलकर चुनाव लड़े हैं। सबसे पहले 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा-रालोद मिलकर चुनाव लड़े। इसका फायदा भी रालोद को 14 सीटों पर जीत के रूप में सामने आया, लेकिन भाजपा को इसका कोई फायदा नहीं हुआ और भाजपा प्रदेश की सत्ता से दूर हो गई।



**वनवास भेजा था**

**भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में हराकर रालोद को सियासी वनवास में भेज दिया था**

## यूपी से सात महिलाएं संसद में करेंगी नेतृत्व



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** देश की सबसे बड़ी पंचायत में इस बार 7 महिला सांसद यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनमें से सपा की सर्वाधिक पांच महिला सांसद चुनी गई हैं। इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर कुल 851 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। इसमें 80 महिला उम्मीदवार शामिल थी। प्रमुख दलों में भाजपा ने 7, सपा ने 10, कांग्रेस ने एक, अपना दल (एस) ने दो और बसपा ने तीन महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया था।

**2024 में 7 महिला सांसद करेंगी यूपी का प्रतिनिधित्वः** देश की संसद को सर्वाधिक 80 सांसद देने वाले प्रदेश का देश की संसद में 7 महिला सांसद प्रतिनिधित्व करेंगी। सपा से पांच, बीजेपी और अपना दल से एक-एक महिला सांसद विजयी हुई हैं।

इनमें मथुरा से हेमामालिनी (बीजेपी), मीरजापुर से अनुप्रिया पटेल (अपना दल सोनेलाल), मैनपुरी से डिम्पल यादव (सपा), बांदा से कृष्णा पटेल (सपा), मछलीशहर से प्रिया सरोज (सपा), मुरादाबाद से रुचिवीरा (सपा) और कैराना से इकरा हसन (सपा) शामिल हैं।

**नारी शक्ति**

**इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर कुल 851 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी**

**एनडीए ने नौ महिला प्रत्याशियों को दिया टिकटः** एनडीए ने यूपी में नौ महिला प्रत्याशी उतारी हैं। जिसमें सात बीजेपी और दो सहयोगी अपना दल सोनेलाल की टिकट पर मैदान में अपनी किस्मत आजमाने उतरीं। बीजेपी की टिकट पर मथुरा से हेमा मालिनी, धौरहरा से रेखा वर्मा, अमेठी से स्मृति ईरानी, सुलतानपुर से मेनका गांधी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति, बाराबंकी से राजरानी रावत, लालगंज से नीलम सोनकर मैदान में थी।

**मर्डर मिस्ट्री** बेमेल गठबंधन ने भाजपा को दिखाया आईना, प्रधानमंत्री मोदी का मैजिक भी नहीं आया काम, एक बार फिर जातीय समीकरणों के उभार से भाजपा को वाराणसी छोड़ पूर्वांचल के जिलों में करारी हार का सामना करना पड़ा

## पूर्वांचल में भाजपा की वापसी अब आसान नहीं, सहयोगी दलों से लोगों की नाराजगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः पूर्वांचल** के जिलों में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम ने सियासी पंडितों को भी चौका दिया है। एक बार फिर जातीय समीकरणों के उभार से भाजपा को वाराणसी छोड़ पूर्वांचल के जिलों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य स्टार प्रचारकों के कई जनसभाओं और रोड शो भाजपा गठबंधन दल के नेताओं को कामयाबी दिला नहीं पाया। आने वाले चुनावों में भी अब भाजपा के लिए इन जिलों में वापसी आसान नहीं होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मैजिक काल के दौर में पूर्वांचल के इन जिलों में जातिगत तिलिस्म को तोड़कर भाजपा के लिए उर्वरा सियासी भूमि बना दिया था। वह कुछ हद तक 2019 के लोकसभा चुनाव तक बरकरार रहा। इसके बाद भाजपा के उन जिलों से चुने गए सांसदों की निष्क्रियता और पार्टी संगठन के पदाधिकारियों के बड़बोलेपन ने पार्टी के प्रति आमजन का नजरिया ही बदल दिया। ऐसे में लोकसभा चुनाव में पूर्वांचल के जिलों में अच्छे और समर्पित नेताओं को टिकट देने के बजाय फिर उन्हें दोहराना, लोगों के विरोध के बाद भी उन्हीं नेताओं या आयातित नेताओं को टिकट देना भारी पड़ गया।



सियासी पंडितों का मानना है कि भाजपा ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) जैसे दल से विरोध के बावजूद गठबंधन कर लिया, कि उनके समाज का वोट उन्हें थोक भाव में मिल जाएगा। चुनाव परिणाम ने भाजपा नेतृत्व को भी आईना दिखा दिया। सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बड़बोलेपन से समाज का एक बड़ा तबका नाराज रहता है। खास कर सवर्ण और ओबीसी समाज। ओपी राजभर के दबाव और अपने हित में भाजपा ने भले ही इनके साथ गठबंधन कर लिया, लेकिन आमजन ने इनके गठबंधन से दूरी बना ली। ओम प्रकाश राजभर को भाजपा से समझौते के तहत मिली सीट घोसी में ये नजारा दिखा। ओपी राजभर के पुत्र डा. अरविंद राजभर को सपा के राजीव राय ने 162943 मतों से सियासी पटखनी दे दी। यहां सवर्ण समाज के नाराजगी की जानकारी भाजपा के शीर्ष नेताओं को भी रही। इसके बाद भी सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने जनभावनाओं का सम्मान नहीं दिया। खास बात यह रही कि एक सियासी जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सुनियोजित प्रचार के हिस्से में प्रत्याशी डा. अरविंद राजभर के बांह पर एक धौल जमाकर संदेश देना चाहा कि इस समाज के साथ किस कदर उनका जुड़ाव है। यहां लोगों का नाराजगी दूर करने का प्रधानमंत्री मोदी का कोई सियासी पैतरा यहां काम नहीं आया।

**भारी नाराजगी**

**पूर्वांचल के जिलों में जातिगत तिलिस्म को तोड़कर भाजपा के लिए उर्वरा सियासी भूमि बना दिया था**